

# मेट्रो Rays

आगे रखने का वादा

सांध्य दैनिक

रांची, रविवार, 5 जुलाई 2026

संवत 2083, अषाढ़ कृष्ण पक्ष 06 मूल्य-3 रुपये

वर्ष-9, अंक 291, पृष्ठ-8, RNI No.-JHAHIN/2017/75028





4 ▶▶ बरसात के मौसम में भूलकर के भी न खाएं ये चीजें

सनी देओल की बढ़ी मुश्किलें ◀◀ 6


## तीजनबाई का निधनः पंडवानी की वजह से शादी टूटने से लेकर पद्म विभूषण तक



**नई दिल्लीः** छत्तीसगढ़ की लोक कला पंडवानी को देश और दुनिया में पहचान दिलाने वाली पद्म विभूषण डॉ तीजन बाई का रविवार तड़के निधन हो गया। वह 70 वर्ष की थीं।

एम्स रायपुर के अनुसार, तीजन बाई ने रविवार सुबह करीब 3.15 बजे अंतिम सांस ली। वह पिछले कुछ समय से बीमार थीं और अस्पताल में उनका इलाज चल रहा था।

छत्तीसगढ़ के भिलाई के गनियारी गांव में जन्मीं तीजन बाई ने कम उम्र में ही पंडवानी गायन शुरू कर दिया था।

महाभारत की कथाओं को अपनी दमदार आवाज, अभिनय और अनूठी प्रस्तुति के साथ मंच पर जीवंत करने की उनकी शैली ने इस लोक कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई।

अपने लंबे कलात्मक सफर में उन्होंने देश और विदेश में अनेक प्रस्तुतियां दीं।

भारतीय लोक कला में उनके योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था।

पंडवानी गायिकी में कदम कैसे रखाः तीजन बाई का जन्म छत्तीसगढ़ के पाटन अटारी गांव में आठ अगस्त 1956 को हुआ था। उनका जन्म छत्तीसगढ़ के जाने-माने लोकपर्व तीज के दिन हुआ था, इसलिए माता-पिता ने उनका नाम 'तीजन' रखा।

हालांकि कुछ जगहों पर उनका जन्मदिन 24 अप्रैल को बताया जाता है, लेकिन यह इसलिए सही नहीं है क्योंकि उनका जन्म तीज के दिन हुआ था और ये अप्रैल महीने में नहीं होता।

तीजन की मां का नाम सुखवती देवी था और उनके पिता का नाम हुनुकलाल पारधी था। तीजन अपने माता-पिता की पहली संतान थीं। उनका बचपन गंभीर अभाव में गुजरा। पशु-पक्षियों के कलरव, माँ के लोकगीत और पिता के बांसुरी वादन ने नन्हीं तीजन बाई को प्रभावित किया।

एक दिन अपने वृद्ध नाना को उन्होंने पंडवानी गाते हुए सुना तो वह मंत्रमुग्ध हो गईं। उसी समय उन्होंने पंडवानी सीखने का फैसला कर लिया।

'पारधी' को अंग्रेजों ने आपराधिक जनजाति अधिनियम, 1871 के तहत अपराधी जाति घोषित कर दिया था, बाद में जवाहर लाल नेहरू के प्रयास से 31 अगस्त 1952 को यह अधिनियम निरस्त कर दिया गया।

मगर वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 के आ जाने से इस जाति के लोगों की रोजी-रोटी पर गहरा संकट छा गया। इस समुदाय के अधिकांश लोग दिहाड़ी मजदूरी करके जीवन यापन करने को मजबूर हो गए।

'पारधी' वास्तव में शिकारी होते हैं जो वन से जीव-जंतु पकड़ कर उसे हाट-बाजार में बेचा करते थे। यह उनके जीवनयापन का पारंपरिक तरीका रहा था। ऐसे समुदाय से निकल कर तीजन बाई ने पंडवानी के जरिए दुनियाभर में अपनी पहचान कायम की है।

## एंबुलेंस और सेना की गाड़ी में टक्कर, तीन की मौत



**जयपुरः** राजस्थान में श्रीगंगानगर जिले के सूरतगढ़ में रविवार सुबह एम्बुलेंस और सैन्य वाहन की टक्कर में दो महिलाओं सहित तीन लोगों की मौत हो गई। रक्षा सूत्रों के अनुसार सुबह लगभग साढ़े पांच बजे सूरतगढ़-गंगानगर मार्ग पर केंचियां कस्बे के निकट एक सिविल एम्बुलेंस ट्रक को ओवरटेक करने के दौरान सामने से आ रहे सेना के एएलएस वाहन से टकरा गई। इस दुर्घटना में तीन लोगों की मृत्यु हो गई। घायलों को तत्काल चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराते हुए शीघ्र अस्पताल पहुंचाया गया।

हादसे की सूचना पर पुलिस प्रशासन घटनास्थल पर पहुंचा। भारतीय सेना ने दिवंगत लोगों के परिजनों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त की है तथा जांच में नागरिक प्रशासन को पूर्ण सहयोग प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की है। पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान श्रीगंगानगर जिले के हिंदुमलकोट थाना क्षेत्र के सतनाम, महेंद्र कौर एवं लक्ष्मी के रूप में की गई है। हादसे में दो लोग घायल भी हो गए जिन्हें श्रीगंगानगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## ढाई किलो से अधिक चरस के साथ पंजाब का तस्कर गिरफ्तार



**नूरपुरः**नशे के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत नूरपुर पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। सीआईए नूरपुर की टीम ने नागाबारी टोल प्लाजा के पास बाइक सवार एक युवक से 2.532 किलोग्राम चरस बरामद की है। मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी नूरपुर धर्मचंद वर्मा ने बताया कि गश्त व चैकिंग के दौरान पुलिस टीम टोल प्लाजा (नागाबाडी) के पास मौजूद थी। इसी बीच एक संदिग्ध हीरो स्प्लेंडर बाइक को जांच के लिए रोका गया। तलाशी प्रक्रिया के दौरान उक्त वाहन चालक के कब्जे से 02.532 किलोग्राम चरस बरामद की गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नशीले पदार्थ और बाइक को अपने कब्जे में ले लिया। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान अश्वनी कुमार निवासी रविदास मॉल, नरोट मेहरा, तहसील व जिला पठानकोट (पंजाब) के रूप ही है। सीआईए नूरपुर की टीम ने आरोपी को मौके पर ही हिरासत में ले लिया है। इस संदर्भ में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला पंजीकृत कर आगामी वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।

### 8 - 9 जुलाई को नयी दिल्ली में नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राष्ट्रीय मंच पर पेश करेंगे झारखंड का डिजिटल रोडमैप

**संवाददाता**

**रांची :** झारखंड सरकार आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), डिजिटल गवर्नेंस और सूचना प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में राज्य को नयी पहचान दिलाने की दिशा में बड़ा कदम उठाने जा रही है। 8 और 9 जुलाई को नयी दिल्ली में आयोजित नेशनल स्टेकहोल्डर्स कंसल्टेशन-2026 में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन झारखंड का डिजिटल विकास रोडमैप देश-विदेश की प्रमुख टेक कंपनियों, निवेशकों और नीति-निर्माताओं के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

इस राष्ट्रीय मंच पर राज्य सरकार आईटी, आईटीईएस, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और डिजिटल गवर्नेंस से जुड़ी अपनी भावी रणनीति साझा करेगी। सरकार का उद्देश्य झारखंड को केवल तकनीकी नवाचार तक सीमित न रखते हुए एआई आधारित सुशासन, पारदर्शी प्रशासन और नागरिक-केंद्रित सेवाओं का अग्रणी राज्य बनाना है। कार्यक्रम में देश-विदेश की करीब 100 अग्रणी टेक कंपनियों के प्रतिनिधि और राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे।

सम्मेलन के दौरान पहली बार रांची आईटी पार्क को राष्ट्रीय स्तर पर निवेश परियोजना के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा, करीब 100.97 एकड़ में विकसित होने वाला यह पार्क राजधानी के कोर कैपिटल एरिया में, आईआईएम रांची और बिरसा मुंडा एयरपोर्ट के निकट स्थित होगा। सरकार उद्योग जगत को यह भी बताएगी कि झारखंड में हर वर्ष 20 हजार से अधिक आईटी स्नातक उपलब्ध होते हैं।




झारखंड आईटी नीति-2023 के तहत पूंजीगत निवेश पर 50 प्रतिशत प्रतिपूर्ति, स्टांप शुल्क में 100 प्रतिशत छूट और बिजली शुल्क में पूर्ण छूट जैसी प्रोत्साहन योजनाओं की भी जानकारी दी जाएगी। बैठक में वर्ष 2026-31 के लिए तैयार ड्राफ्ट एआई पॉलिसी-2026 पर भी हितधारकों के साथ चर्चा होगी। प्रस्तावित नीति में मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में स्टेट एआई मिशन के गठन, जैप-आईटी को नोडल एजेंसी बनाने तथा इंडिया के साथ समन्वित झारखंड एआई क्लाउड विकसित करने का प्रस्ताव शामिल है।

सरकार कृषि, स्वास्थ्य, ग्रामीण आजीविका, खनिज संसाधन प्रबंधन और प्रशासनिक सेवाओं में एआई के व्यापक उपयोग की योजना पर भी काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री सीएम डेटा इंटेलिजेंस प्लेअफॉर्म (सीएम-डीआईपी) की अवधारणा भी प्रस्तुत करेंगे। यह एआई आधारित प्लेटफॉर्म विभिन्न विभागों के आंकड़ों को एकीकृत कर योजनाओं की निगरानी, त्वरित निर्णय प्रक्रिया और स्थानीय भाषाओं में डिजिटल सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करेगा। इसके अलावा प्रस्तावित इंटीग्रेटेड कंट्रोल एंड कमांड सेंटर की रूपरेखा भी राष्ट्रीय मंच पर साझा की जाएगी।

## भीषण गर्मी में अमेरिका ने मनाया 250वां आजादी दिवस चर्चा में ट्रंप का बड़ा संदेश और रिकॉर्ड आतिशबाजी

**वाशिंगटनः** अमेरिका ने शनिवार को अपनी आजादी का 250वां वर्षगांठ पूरे उत्साह के साथ मनाया। हालांकि पूर्वी और मध्य अमेरिका के कई राज्यों में भीषण गर्मी और कुछ इलाकों में खराब मौसम के कारण कई कार्यक्रमों में बदलाव करना पड़ा, जबकि कुछ आयोजन रद्द भी कर दिए गए। राजधानी वाशिंगटन डीसी में तेज गर्मी के कारण ग्रेट अमेरिकन स्टेट फेयर को कुछ घंटों के लिए बंद करना पड़ा। वहीं राष्ट्रीय स्वतंत्रता दिवस परेड भी रद्द कर दी गई। मौसम विभाग के अनुसार कई इलाकों में तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के करीब पहुंच गया था। इसके बावजूद पूरे अमेरिका में जश्न का माहौल बना रहा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वाशिंगटन के नेशनल मॉल में लोगों को संबोधित किया।



व्हाइट हाउस के अनुसार इस प्रदर्शन में लगभग 8.5 लाख आतिशबाजी सामग्री का इस्तेमाल किया गया। इस अवसर पर ट्रंप ने 11 लोगों को राष्ट्रपति क्षमादान भी दिया। इनमें चर्चित लॉबिस्ट जैक अब्रामॉफ के एक पूर्व कारोबारी सहयोगी और वाहन उत्सर्जन नियमों के उल्लंघन के मामलों में दोषी ठहराए गए कई लोग शामिल थे। देश के अलग-अलग हिस्सों में भी भव्य कार्यक्रम हुए। न्यूयॉर्क में आधी रात को विशेष समारोह के साथ जश्न शुरू हुआ। शिकागो के नेवी पियर पर आतिशबाजी हुई, जबकि लॉस एंजिलिस में मशहूर कलाकारों के साथ संगीत कार्यक्रम आयोजित किया गया। रोड आइलैंड के ब्रिस्टल शहर में 1785 से चली आ रही स्वतंत्रता दिवस की ऐतिहासिक परंपरा निभाई गई।

फिलाडेल्फिया के इंडिपेंडेंस नेशनल हिस्टोरिकल पार्क में एक खास टाइम कैप्सूल जमीन में दबाया गया। इसमें अमेरिका के सभी 50 राज्यों से जुड़ी महत्वपूर्ण वस्तुएं रखी गई हैं। इसे वर्ष 2276, यानी अमेरिका की 500वीं वर्षगांठ पर खोला जाएगा। न्यूयॉर्क की हडसन नदी में ऐतिहासिक जहाजों की परेड भी निकाली गई। इनमें एक जहाज पर 1776 में प्रकाशित डिक्लेरेशन ऑफ इंडिपेंडेंस की ऐतिहासिक प्रति भी प्रदर्शित की गई।अपने संबोधन में ट्रंप ने अमेरिका के चार महान पूर्व राष्ट्रपतियों जॉर्ज वॉशिंगटन, थॉमस जेफरसन, अब्राहम लिंकन और थियोडोर रूजवेल्ट को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि इन नेताओं ने आधुनिक अमेरिका की मजबूत नींव रखी और देश को दुनिया की सबसे बड़ी ताकत बनाने में अहम भूमिका निभाई।

अपने भाषण में ट्रंप ने देशभक्ति के साथ राजनीतिक संदेश भी दिया। उन्होंने सेव अमेरिका एक्ट का समर्थन दोहराया और अमेरिकी संविधान के दूसरे संशोधन, यानी हथियार रखने के अधिकार, का भी बचाव किया। उन्होंने कहा, हम हमेशा शीर्ष पर रहेंगे। हम अपने देश को कभी गिरने नहीं देंगे। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर ने भी इस अवसर पर राष्ट्रपति ट्रंप की प्रशंसा की। उन्होंने सोशल मीडिया पर लिखा कि ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका ऐसे लक्ष्य हासिल करता है जिन्हें दुनिया असंभव मानती है। इसके बाद राजधानी में करीब 40 मिनट तक रिकॉर्ड आतिशबाजी हुई।

## विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

### रात 10 बजे मां से हुई थी बात, सुबह मिली मौत की खबर

**गढ़वा :** जिले के भवनाथपुर थाना क्षेत्र के बुका गांव से एक 24 वर्षीय विवाहिता जीरा देवी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना और हत्या का गंभीर आरोप लगाया।

**रात 10 बजे मां से हुई थी बातचीत :** मृतका के परिजनों के अनुसार, रात करीब 10 बजे जीरा देवी ने अपनी मां से मोबाइल फोन पर बात की थी। उस वक्त वह पूरी तरह से स्वस्थ थी और बातचीत में किसी भी तरह की परेशानी की बात सामने नहीं आई थी। लेकिन इसके ठीक कुछ घंटों बाद सुबह करीब साढ़े 10 बजे उसके देवर दिलीप राउत ने फोन कर मायके वालों को सूचना दी कि जीरा देवी की तबीयत अचानक खराब हो गई है और उसे श्री बंशीधर नगर अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बाद में परिजनों को खबर मिली कि उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर किया गया है। जब मायके वाले आनन-फानन में सदर अस्पताल पहुंचे, तो वहां जीरा देवी मृत पड़ी मिली।

**ससुराल पक्ष ने बताई अचानक तबीयत बिगड़ने की वजह :** ससुराल पक्ष का कहना है कि जीरा देवी को डेढ़ माह पहले ही प्रसव हुआ था। शुक्रवार की देर शाम नहाने के बाद उसकी तबीयत अचानक बिगड़ गई, शरीर में सूजन आ गई और हालत लगातार खराब होने लगी। इसके बाद उसे अनुमंडलीय अस्पताल, श्री बंशीधर नगर ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

**मायके वालों ने लगाया हत्या का आरोप :** मृतका के पिता अशर्फी यादव और मां आशा देवी (निवासी बुल्का गांव, रमना) का आरोप है कि यह सामान्य मौत नहीं बल्कि हत्या है। उनका कहना है कि वर्ष 2018 में शादी के बाद से ही ससुराल वाले जीरा देवी को प्रताड़ित करते थे। परिजनों ने दावा किया कि जब उन्होंने अस्पताल में शव को देखा, तो जीरा देवी के शरीर पर मारपीट के निशान थे, सिर के बाल उखड़े हुए थे और मुंह से खून निकला हुआ था। इन हालातों को देखते हुए मायके वालों ने निष्पक्ष जांच और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। मृतका का डेढ़ माह का एक बेटा है।

## गगनयान मिशन : इसरो ने सॉल्व रॉकेट मोटर का किया पहला सफल परीक्षण

**चेन्नईः** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने पहले मानव अंतरिक्ष मिशन गगनयान की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल करते हुए सॉल्व (सब-ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल फॉर एक्सपेरिमेंट्स) के ठोस ईंधन (सॉलिड मोटर) वाले रॉकेट का पहला सफल परीक्षण किया है। इस परीक्षण का उद्देश्य गगनयान के क्रू मॉड्यूल की सुरक्षित वापसी की जांच करना है। इसरो ने बताया कि यह परीक्षण तीन जुलाई को सुबह 10 बजे श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र के स्टैटिक टेस्ट फैसिलिटी में किया गया। परीक्षण के दौरान मोटर का प्रदर्शन निर्धारित मानकों के अनुरूप रहा। इसरो ने बताया कि सॉल्व एक विशेष परीक्षण रॉकेट है, जिसे गगनयान मिशन से पहले अलग-अलग परिस्थितियों में क्रू मॉड्यूल की सुरक्षा प्रणाली की जांच के लिए विकसित किया गया है।




इन परीक्षणों के दौरान क्रू मॉड्यूल को लगभग 10 से 17 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जाया जाएगा। इसके बाद इसे रॉकेट से अलग किया जाएगा और उसकी सुरक्षित लैंडिंग के लिए क्रमवार 10 पैराशूट खोले जाएंगे, जिससे उसकी गति कम होकर वह सुरक्षित रूप से समुद्र में उतरे। इसरो के अनुसार सॉल्व का ठोस ईंधन वाला चरण पीएसएलवी रॉकेट के स्ट्रैप-ऑन मोटर पर आधारित है, लेकिन गगनयान मिशन की आवश्यकताओं के अनुसार इसमें कई तकनीकी बदलाव किये गये हैं। इनमें धीमी गति से जलने वाले प्रणोदक और दिशा नियंत्रण प्रणाली में सुधार शामिल हैं।

गगनयान मिशन के तहत दो से तीन अंतरिक्ष यात्रियों को लगभग 400 किलोमीटर ऊंची पृथ्वी की कक्षा में तीन दिन के मिशन पर भेजा जाएगा और इसके बाद उन्हें सुरक्षित रूप से भारतीय समुद्री क्षेत्र में उतारा जाएगा। क्रू मॉड्यूल और सर्विस मॉड्यूल इस मिशन के अंतरिक्ष यान में मुख्य रूप से दो हिस्से होंगे। क्रू मॉड्यूल वह हिस्सा है, जिसमें अंतरिक्ष यात्री सवार होंगे। इसरो ने कहा कि गगनयान परियोजना को देश की वैज्ञानिक क्षमता, भारतीय उद्योग, शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थानों की विशेषज्ञता तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उपलब्ध उन्नत तकनीकों के सहयोग से पूरा किया जा रहा है। इस मिशन से पहले कई महत्वपूर्ण तकनीकों का विकास किया जा रहा है। इनमें अंतरिक्ष यात्रियों के लिए मानव-रेटेड प्रक्षेपण यान, अंतरिक्ष में पृथ्वी जैसा वातावरण उपलब्ध कराने वाली जीवन समर्थन प्रणाली, आपात स्थिति में क्रू को सुरक्षित बाहर निकालने की व्यवस्था तथा प्रशिक्षण, बचाव और पुनर्वास से जुड़ी प्रणालियां शामिल हैं।

इन तकनीकों की विश्वसनीयता परखने के लिए इसरो कई परीक्षण मिशन संचालित करेगा। इनमें इंटीग्रेटेड एयर ड्रॉप टेस्ट (आईएडीटी), पैड एबॉर्ट टेस्ट (पीएटी) और टेस्ट व्हीकल (टीवी) उड़ानें शामिल हैं। मानव मिशन से पहले सभी प्रणालियों का परीक्षण मानवरहित उड़ानों में किया जाएगा। इसरो ने बताया कि गगनयान मिशन के लिए एलवीएम-3 रॉकेट का उपयोग किया जाएगा, जिसे मानव मिशन की सुरक्षा आवश्यकताओं के अनुरूप संशोधित कर ह्यूमन रेटेड एलवीएम-3 (एचएलवीएम-3) बनाया गया है। इसमें एक विशेष क्रू एस्केप सिस्टम भी लगाया गया है, जो प्रक्षेपण के दौरान किसी भी आपात स्थिति में अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित दूरी तक ले जाने में सक्षम होगा।

## समाचार सार



### रोगी कल्याण समिति की बैठक संपन्न स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पर जोर

**मुरहूः** मुरहू प्रखंड सभागार में सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की रोगी कल्याण समिति की बैठक प्रमुख ऐलिस ओड़िया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने, मरीजों को गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराने तथा अस्पताल के रखरखाव सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रंजीत कुमार सिन्हा ने अस्पताल में उपलब्ध जांच सुविधाओं एवं उनके शुल्क की समीक्षा करते हुए बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत भर्ती मरीजों की आवश्यक जांच निःशुल्क होगी, जबकि बाहरी मरीजों से निर्धारित न्यूनतम शुल्क लिया जाएगा। उप प्रमुख अरुण कुमार साबू ने सभी चिकित्सकों, पारा चिकित्सा कर्मियों एवं आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यरत स्वास्थ्य कर्मियों को निर्धारित समय पर ड्रेस और पहचान-पत्र (आईडी कार्ड) के साथ अपने कार्यस्थल पर उपस्थित रहने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अनुशासन और समयबद्ध उपस्थिति से मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकेंगी। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, प्रखंड सांसद एवं विधायक प्रतिनिधि, उप प्रमुख, विभिन्न पंचायतों के मुखिया, प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष शनिका बोदरा, सामाजिक कार्यकर्ता बब्लू खान सहित रोगी कल्याण समिति के सदस्य उपस्थित रहे। बैठक के अंत में अस्पताल की व्यवस्थाओं को और सुदृढ़ बनाने तथा आमजन को बेहतर एवं सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए सदस्यों ने अपने सुझाव भी दिए।

### कटहल तोड़ने गये बुजुर्ग पर जंगली हाथी ने किया हमला, गंभीर



**तोरपा/खूंटीः** खूंटी-कोलेबिरा मुख्य मार्ग स्थित तोरपा प्रखंड के कुलडा जंगल में कटहल तोड़ने गए 60 वर्षीय क्रिस्टोफर टोपनो पर जंगली हाथी ने हमला कर दिया। हमले में वह गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल अवस्था में किसी तरह जान बचाकर जंगल से बाहर निकले और परिजनों को घटना की जानकारी दी।

परिजनों ने उन्हें तत्काल रेफरल अस्पताल तोरपा पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल खूंटी रेफर कर दिया। उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए रांची के रिम्स भेजे जाने की भी संभावना जताई जा रही है। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार सुबह करीब सात बजे क्रिस्टोफर टोपनो कटहल तोड़ने जंगल गए थे। इसी दौरान उनका सामना जंगली हाथी से हो गया। हाथी ने उन पर हमला कर दिया, जिससे उनकी छाती, गर्दन और पीठ पर गंभीर चोटें आईं। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी वनपाल अविनाश लुगुन रेफरल अस्पताल पहुंचे और घायल से मिलकर घटना की जानकारी ली। स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले लगभग 20 दिनों से पांच जंगली हाथियों का झुंड कुलडा जंगल में डेरा जमाए हुए है। यह झुंड अक्सर जंगल से निकलकर मुख्य सड़क पर घंटों विचरण करता है, जिससे आसपास के ग्रामीणों में दहशत का माहौल है। उल्लेखनीय है कि दो दिन पहले सोशल मीडिया पर एक वीडियो तेजी से वायरल हुआ था, जिसमें कुछ युवक हाथियों को गुलेल और लाठी-डंडों से खदेड़ते नजर आए थे। ग्रामीणों का मानना है कि लगातार की जा रही ऐसी छेड़छाड़ के कारण हाथियों का व्यवहार अधिक आक्रामक हो गया है, जिससे मानव-हाथी संघर्ष की घटनाएं बढ़ रही हैं। वन विभाग ने लोगों से जंगली हाथियों के निकट न जाने और उन्हें किसी भी प्रकार से उकसाने या छेड़ने से बचने की अपील की है।

### स्कूली छात्र- छात्राओं के बीच साइकिल वितरण




**मुरीः** सिल्ली प्रखंड से अंचल कार्यालय सिल्ली के प्रांगण में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच कल्याण विभाग झारखंड सरकार द्वारा साइकिल वितरण किया गया। साईकिल पाकर बच्चों में काफी खुशी देखी गई। जिप सदस्य लक्ष्मी देवी ने कहा कि झारखंड सरकार छात्र-छात्राओं के लिए हर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है। वितरण कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित सिल्ली पूर्वी जिला परिषद सदस्या लक्ष्मी देवी, सिल्ली पंचायत मुखिया भरत मुंडा , अखिल महतो , प्रकाश कुशवाहा, समीर ठाकुर, अखिलेश कुम्हार अन्य कर्मचारी स्कूल के शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुईं।

### हजारीबाग में अवैध कोयला खदान धंसने से दो मजदूरों की मौत

**हजारीबागः** जिले के बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत उरीमारी थाना क्षेत्र के लुरुंगा गांव में अवैध कोयला खनन के दौरान चाल (खनन सुरंग) धंसने से दो मजदूरों की मौत होने की सूचना है। मृतकों की पहचान शिबू बेदिया और सुखदेव गंझू के रूप में बताई जा रही है। हालांकि, इस घटना की अब तक प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है।

स्थानीय सूत्रों के अनुसार, हादसे के बाद मामले को दबाने और शवों को गुपचुप तरीके से हटाने की कोशिश की गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी का माहौल है।

# दुबई में फंसा प्रवासी मजदूर, पासपोर्ट खोने के बाद नौकरी भी गई, परिवार ने लगाई वतन वापसी की गुहार

संवाददाता

**गिरिडीहः** झारखंड के प्रवासी मजदूरों के विदेशों में फंसने और मौत की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। इसी कड़ी में गिरिडीह जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के तिरला गांव निवासी प्रवासी मजदूर लालचंद महतो के दुबई में फंसने का मामला सामने आया है। आर्थिक तंगी से जूझ रहे लालचंद अब भारत लौटना चाहते हैं, लेकिन जरूरी दस्तावेजों के अभाव में उनकी वतन वापसी संभव नहीं हो पा रही है। परिवार ने केंद्र और राज्य सरकार से सुरक्षित वापसी की गुहार लगाई है।

**पासपोर्ट खोने के बाद बढ़ीं मुश्किलें, नौकरी भी चली गई :** लालचंद महतो की पत्नी ने भावुक अपील करते हुए बताया कि उनके पति रोजगार की तलाश में दुबई गए थे, जहां वे बढ़ई का काम कर रहे थे। काम के दौरान उनका पासपोर्ट गुम हो गया। इसके बाद उन्हें प्रशासनिक और कानूनी परेशानियों का सामना करना पड़ा।



पासपोर्ट नहीं होने की वजह से कंपनी ने उन्हें नौकरी से भी निकाल दिया। फिलहाल उनकी हालत बेहद खराब है और उनके पास खाने तक के पैसे नहीं बचे हैं।

**परिवार पहले से आर्थिक संकट में:** परिवार ने बताया कि वे पहले से ही गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं। लालचंद के पिता दशरथ महतो वर्ष 2013 से मुंबई से लापता हैं, जिसके बाद परिवार की आर्थिक स्थिति लगातार खराब होती गई। ऐसे में अब लालचंद की सुरक्षित घर वापसी ही पूरे परिवार की सबसे बड़ी उम्मीद बन गई है।

सरकार से तत्काल हस्तक्षेप की मांगः प्रवासी श्रमिकों के हित में काम करने वाले सिकंदर अली ने केंद्र सरकार और झारखंड सरकार से लालचंद महतो की सुरक्षित वतन वापसी के लिए तत्काल पहल करने की मांग की है। उनका कहना है कि यह कोई पहला मामला नहीं है। इससे पहले भी झारखंड के कई मजदूर बेहतर कमाई की उम्मीद में विदेश गए, लेकिन वहां फंस गए और कई की मौत भी हो चुकी है।

**सऊदी और दुबई में अब भी फंसे हैं कई मजदूरः** सिकंदर अली ने बताया कि वर्तमान में गिरिडीह के द्वारका महतो और बोकारो के सत्येंद्र महतो का शव सऊदी अरब में पड़ा है। वहीं गिरिडीह के बगोदर निवासी महेंद्र महतो सऊदी अरब में फंसे हुए हैं और डुमरी के हुलास महतो दुबई की जेल में बंद हैं। उन्होंने कहा कि लगातार सामने आ रही ऐसी घटनाओं से सबक लेते हुए सरकार को राज्य में रोजगार के बेहतर अवसर उपलब्ध कराने चाहिए, ताकि मजदूरों को मजबूरी में विदेश पलायन न करना पड़े और उन्हें अपने ही राज्य में सम्मानजनक रोजगार मिल सके।

# कुंदाः दो जिंदा सांप निगल गया शख्स, तीसरे को मारकर पहुंचा अस्पताल,डाक्टर रह गए हैरान

- चिकित्सकीय जांच में नहीं मिला विष का असर,हालत सामान्य
- पत्नी का दावा- दो सांप खाने के बाद पी थी शराब

संवाददाता

**चतराः** जिले के कुंदा प्रखंड से शनिवार को एक हैरान करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक व्यक्ति ने कथित रूप से दो जिंदा सांप खा लिए। इसके बाद वह तीसरे सांप को भी खाने की तैयारी में था, लेकिन परिजनों ने समय रहते उसे रोक दिया। बाद में उसने तीसरे सांप को मार दिया और उसे साथ लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रतापपुर पहुंच गया। मृत सांप को देखकर चिकित्सक और स्वास्थ्यकर्मी भी कुछ देर के लिए दंग रह गए। जानकारी के अनुसार कुंदा प्रखंड मुख्यालय के बरवाडीह गांव निवासी बौद्ध भारती के 45 वर्षीय पुत्र बुधन भारती ने कथित रूप से दो जिंदा सांप निगल लिए। घटना की



जानकारी मिलते ही परिजन उन्हें इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्रतापपुर ले गए, जहां चिकित्सकों ने तत्काल उनकी जांच कर उपचार किया।

प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा। कुमार संजीव ने बताया कि उनके कार्यकाल में इस तरह का मामला पहली बार सामने आया है। उन्होंने कहा कि सामान्यतः सांप विषैले हो सकते हैं, इसलिए ऐसे मामलों में बिना देर किए चिकित्सकीय जांच कराना जरूरी है। जांच के दौरान बुधन भारती के शरीर में किसी भी प्रकार के विष का प्रभाव नहीं पाया गया और फिलहाल उनकी स्वास्थ्य स्थिति सामान्य है। वहीं, बुधन भारती की पत्नी ने बताया कि उनके पति ने वास्तव में दो सांप खाए थे। इसके बाद उन्होंने शराब भी पी थी। इस अजीबोगरीब घटना की पूरे इलाके में चर्चा हो रही है।

डा संजीव ने लोगों से अपील की कि इस तरह के जोखिम भरे और जानलेवा कृत्यों से बचें। यदि किसी व्यक्ति का विषैले जीव से संपर्क हो या सांप काट ले, तो घरेलू उपायों पर भरोसा करने के बजाय तत्काल नजदीकी अस्पताल पहुंचकर चिकित्सकीय सलाह और उपचार लें।

### चतरा नगर परिषद कार्यालय में शोक सभा

## पूर्व वार्ड पार्षद नंदकिशोर भुईयां को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



संवाददाता

**चतराः** चतरा नगर परिषद कार्यालय में शनिवार को नगर परिषद उपाध्यक्ष प्रेमचंद साहू के नेतृत्व में शोक सभा का आयोजन किया गया। सभा में नगर परिषद के पदाधिकारी, वार्ड पार्षद एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।इस अवसर पर पूर्व वार्ड पार्षद नंदकिशोर भुईयां के 03 जुलाई 2026 को हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। सभी उपस्थित लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं।श्रद्धांजलि सभा में दीपक बर्मा, नितेश कुमार, सुशील कुमार, कृष्ण यादव, मनोज ठाकुर एवं विधायक प्रतिनिधि सौरभ अग्रवाल सहित नगर परिषद के कई पदाधिकारी, वार्ड पार्षद एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।सभा में वक्ताओं ने कहा कि स्वर्गीय नंदकिशोर भुईयां का जनसेवा एवं सामाजिक कार्यों में उल्लेखनीय योगदान रहा है। उनके निधन से नगर परिषद परिवार एवं चतरा समाज को अपूरणीय क्षति हुई है। अंत में ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख की घड़ी में संबल प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# रिश्वत मांगने के आरोप मे टंडवा पंचायत मुखिया की वित्तीय व प्रशासनिक शक्तियां निलंबित

- जांच में डीएससी बनवाने के नाम पर पैसे लेने की पुष्टि
- उपायुक्त ने उपमुखिया को सौंपी पंचायत की सभी शक्तियां

**चतराः** जिले के प्रतापपुर प्रखंड के टंडवा ग्राम पंचायत के मुखिया रामकेश्वर यादव उर्फ किशोर यादव के विरुद्ध मनरेगा मजदूरों की मजदूरी भुगतान के लिए रिश्वत मांगने के मामले में जिला प्रशासन ने कड़ी कार्रवाई की है। जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त, चतरा ने जांच रिपोर्ट के आधार पर मुखिया की वित्तीय सहित सभी प्रशासनिक शक्तियां तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दी हैं। जारी आदेश के अनुसार, मनरेगा योजना में मजदूरी भुगतान के लिए डीएससी (डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट) बनवाने के नाम पर पैसे लेने की शिकायत की जांच प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रतापपुर से कराई गई थी। बीडीओ द्वारा 9 मई 2026 को सौंपे गए जांच प्रतिवेदन में मुखिया द्वारा डीएससी बनवाने के नाम पर पैसे लेने की बात स्वीकार किए जाने का उल्लेख किया गया है। इसे




झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 64 (क्क) का उल्लंघन माना गया। मामले में मुखिया से स्पष्टीकरण भी मांगा गया, लेकिन जिला प्रशासन ने उनके जवाब को असंतोषजनक और अस्वीकार्य पाया। इसके बाद ग्रामीण विकास विभाग (पंचायती राज), झारखंड सरकार के ज्ञापांक-2374 दिनांक 4 जुलाई 2017 के प्रावधानों के तहत कार्रवाई करते हुए मुखिया की सभी शक्तियां, वित्तीय अधिकार सहित, निलंबित कर दी गईं। उपायुक्त के आदेशानुसार, टंडवा पंचायत के उपमुखिया को झारखंड पंचायती राज अधिनियम, 2001 की धारा 73 (I) (II) के तहत अगले आदेश तक वित्तीय एवं अन्य सभी शक्तियां प्रदान की गई हैं। उपायुक्त ने संबंधित आदेश की प्रतिलिपि ग्रामीण विकास विभाग, उप विकास आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, जिला पंचायत राज पदाधिकारी तथा प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रतापपुर को आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी है। बीडीओ को निर्देश दिया गया है कि आदेश की प्रति संबंधित मुखिया एवं उपमुखिया को तामील कराते हुए आगे की कार्रवाई सुनिश्चित करें।

### उपायुक्त ने किया कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय, लावालौंग का निरीक्षण

# छात्राओं से किया संवाद, विज्ञान की कक्षा ली, पर्यटन विकास की संभावनाओं का भी लिया जायजा

संवाददाता

**चतराः** उपायुक्त, चतरा रवि आनंद शनिवार को लावालौंग पहुंचे । उन्होंने प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में संचालित शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया तथा छात्राओं से आत्मीय संवाद कर उनके पठन-पाठन, शैक्षणिक गतिविधियों एवं विद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी प्राप्त की।निरीक्षण के क्रम में उपायुक्त ने कक्षा 10वीं की छात्राओं के साथ संवाद करते हुए विज्ञान विषय से संबंधित महत्वपूर्ण अवधारणाओं पर चर्चा की तथा उन्हें विज्ञान विषय की विशेष कक्षा भी दी। उन्होंने छात्राओं को जिज्ञासु एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने, नियमित



अध्ययन करने तथा अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहकर सफलता अर्जित करने के लिए प्रेरित किया।उपायुक्त ने विद्यालय के साइंस लैब, स्मार्ट क्लास, रसोईघर (किचन), चिल्ड्रेन पार्क, छात्रावास परिसर एवं अन्य व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर उपलब्ध संसाधनों का जायजा लिया। विद्यालय परिसर की साफ-सफाई, सुव्यवस्थित व्यवस्था एवं छात्राओं के लिए उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं पर उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए विद्यालय प्रबंधन की सराहना की। साथ ही छात्राओं के सर्वांगीण विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।इसके उपरांत उपायुक्त ने जिले में पर्यटन विकास की संभावनाओं के दृष्टिकोण से खैबा बंदारू का निरीक्षण किया तथा प्राकृतिक एवं पर्यटन संभावनाओं का जायजा लिया। लौटने के क्रम में उन्होंने चतरा प्रखंड क्षेत्र स्थित मेघालिथ स्थल का भी निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को स्थल के संरक्षण, आधारभूत सुविधाओं के विकास एवं पर्यटन की दृष्टि से संभावनाओं का विस्तृत आकलन कर आवश्यक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा एवं पर्यटन दोनों ही जिले के समग्र विकास के महत्वपूर्ण आधार हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ जिले के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक एवं प्राकृतिक स्थलों का समुचित विकास कर उन्हें पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने की दिशा में जिला प्रशासन निरंतर कार्य कर रहा है।इस अवसर पर लावालौंग के प्रखंड विकास पदाधिकारी, बिपिन भारती, जिला जनसंपर्क कार्यालय से सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी सह सोशल मीडिया पब्लिसिटी ऑफिसर शशिकांत कुमार, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी (बीपीओ) सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित थे।

एचईसी के श्रमिक संगठनों का संयुक्त प्रतिनिधिमंडल पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मिला

# कारखाने की स्थिति में सुधार लाने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का अनुरोध

## देश की बहुमूल्य धरोहर एचईसी के अस्तित्व को बचाना चुनौती: सुबोधकांत सहाय

मेट्रो रेज

**रांची:** एशिया प्रसिद्ध मातृ उद्योग हेवी इंजीनियरिंग कॉरपोरेशन लिमिटेड (एचईसी) की स्थिति में सुधार लाने और कर्मियों का वेतन भुगतान अद्यतन करने सहित अन्य मांगों को लेकर एचईसी के श्रमिक संगठनों के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने रविवार को पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल में शामिल श्रमिक नेताओं ने एक स्वर से एचईसी के पुनरुद्धार की मांग की। श्रमिक नेताओं ने पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय से इस मामले में अविलंब हस्तक्षेप करते हुए यथोचित कार्रवाई करने का अनुरोध किया। श्री सहाय ने कहा कि एचईसी कारखाना राष्ट्र की एक बहुमूल्य धरोहर है।



इसके अस्तित्व को बचाना बहुत बड़ी चुनौती है। केंद्र की भाजपा सरकार एक-एक कर सभी सार्वजनिक उपक्रमों को बंद करने पर आमादा है। इसके विरोध में देशव्यापी आंदोलन की आवश्यकता महसूस की जा रही है। श्री सहाय ने कहा कि एचईसी के पुनरुद्धार के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस मातृ उद्योग को बचाने के लिए वह लगभग तीन दशक से संघर्षरत रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक जीवन की शुरूआत भी एचईसी क्षेत्र से ही की है। इसलिए इस कारखाने व यहां कार्यरत कर्मियों से उनका विशेष लगाव है। श्रमिक नेताओं ने एचईसी में स्थाई अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक की नियुक्ति करने, कारखाना को पुनरुद्धार पैकेज उपलब्ध कराने, अधिकारियों व कर्मचारियों का वेतन नियमित करने, एचईसी परिसर में औद्योगिक माहौल फिर से बरकरार करने सहित अन्य मांगों के संदर्भ में चर्चा की। श्री सहाय ने कहा कि इसके लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाने का समय आ गया है। कांग्रेस पार्टी हर हाल में एचईसी को बचाएगी। केंद्र की भाजपा सरकार के जनविरोधी नीतियों का पुरजोर विरोध किया जाएगा।

प्रतिनिधिमंडल में हटिया मजदूर लोक लोक मंच के जान मोहम्मद, रामकुमार नायक, हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के जनरल सेक्रेटरी लीलाधर सिंह, एचईसी सप्लाई संघर्ष समिति के अध्यक्ष दिलीप सिंह, हटिया कामगार यूनियन (एटक) के प्रेसिडेंट आरके शाही, एचईसी श्रमिक संघ के शनी सिंह, वाई त्रिपाठी, महेंद्र कुमार, हटिया मजदूर यूनियन के हरेंद्र प्रसाद, एटक के अर्जुन रविदास, हटिया मजदूर यूनियन (सीटू) के भवन सिंह, हटिया प्रोजेक्ट वर्कर्स यूनियन के सुधीर कुमार मिश्रा, गिरीश कुमार चौहान, जनता मजदूर यूनियन के एसजे मुखर्जी सहित काफी संख्या में एचईसी के श्रमिक शामिल थे।

# बारिश के बीच भी जारी रहा स्वर्णरेखा संरक्षण का जनअभियान, पौधरोपण व श्रमदान का आयोजन

मेट्रो रेज

**रांची:** चुटिया प्रखंड कांग्रेस कमिटी, प्रदेश कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन एवं स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के संयुक्त तत्वावधान में लोअर चुटिया घाट रोड स्थित स्वर्णरेखा नदी तट के इक्कीसवीं महादेव मंदिर परिसर में पौधरोपण किया गया। लगाए गए पौधों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उनकी घेराबंदी भी की गई।

इसके उपरांत प्रत्येक रविवार की भाँति बारिश के बीच भी स्वर्णरेखा नदी संरक्षण हेतु श्रमदान अभियान चलाया गया। यह अभियान वार्ड 13 के पार्षद पवन तिर्की एवं स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के नेतृत्व में प्रारंभ किया गया था, जिसमें प्रत्येक रविवार युवा एवं विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों के लोग बढ़-चढ़कर अपना श्रमदान कर रहे हैं।

इस अवसर पर वार्ड 13 के पार्षद पवन तिर्की ने कहा कि जल, जंगल और जमीन ही हम सभी के अस्तित्व का आधार हैं। इनका संरक्षण करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है।

महानगर कांग्रेस के उपाध्यक्ष अरुण चावला ने कहा कि स्वच्छ पर्यावरण और स्वच्छ नदी के लिए समाज के प्रत्येक व्यक्ति को आगे आना होगा। जनभागीदारी से ही यह अभियान सफल होगा।

प्रदेश कोयलांचल स्टील कामगार यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष ने कहा कि स्वर्णरेखा झारखंड की जीवनरेखा है। इसकी उपेक्षा भविष्य के लिए अत्यंत चिंताजनक है। चुटिया प्रखंड कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष ने कहा कि ₹स्वर्णरेखा हमारी वर्तमान और भविष्य दोनों है। इसके संरक्षण के बिना आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य संभव नहीं है। स्वर्णरेखा जीर्णोद्धार समिति के अध्यक्ष माखन पाठक ने कहा कि कभी अपने साथ स्वर्ण कण लेकर बहने वाली स्वर्णरेखा के आँचल में आज कचरा बह रहा है। यह हम सभी के लिए चिंता का विषय है। अब समय आ गया है कि समाज एकजुट होकर इस नदी को पुनः स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाने का संकल्प ले।

कार्यक्रम में विशेष रूप से उपस्थित रहेः वार्ड 13 के पार्षद पवन तिर्की, महानगर कांग्रेस के उपाध्यक्ष अरुण चावला तथा श्रमदान करने वाले साथी प्रशांत गौरव, दीपेश पाठक, माखन पाठक, शिवम सिंह, आयुष कुमार, शशि बादल, राहुल राम, चंदन साव, शिवम वर्मा, नवीन तिवारी, राहुल रॉकी, मिट्ठू साहू, हिमांशु कुमार, विकास कुमार, अजय महली, दीपक लोहरा, अनुज हेम्ब्रम, करण नायक, इंदर यादव, बिरसा तिर्की, निखिल साहू, बीरू राम, सूरज कच्छप, अनमोल शर्मा, आनंद केशरी, महेश राय, संदीप साहू, किशन अग्रवाल, अमन प्रसाद एवं सावन लोहरा। आप सभी के अमूल्य सहयोग, श्रमदान एवं स्वर्णरेखा नदी के प्रति समर्पण को सादर नमन। आइए, हम सब मिलकर स्वर्णरेखा नदी को स्वच्छ, निर्मल और अविरल बनाने के इस जनअभियान को और अधिक सशक्त बनाएं।

# रांची में आज मध्यम दर्जे की बारिश 8 जुलाई तक यलो अलर्ट जारी

## खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश



संवाददाता

,6

**रांचीः** राजधानी रांची समेत पूरे झारखंड में मौसम का मिजाज एक बार फिर बदलने वाला है। मौसम विभाग के अनुसार आज और कल राजधानी रांची में बादल छाए रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। राज्य के कई हिस्सों में दिन में दो से तीन बार बारिश के दौर देखने को मिल सकते हैं।

इस दौरान कुछ स्थानों पर गर्जन, वज्रपात और 40 से 50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने का भी पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने पांच से आठ जुलाई तक राज्य के विभिन्न जिलों के लिए यलो अलर्ट जारी किया है। जिससे लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

दक्षिण और पश्चिमी जिलों में भारी बारिश के आसारः बंगाल की खाड़ी के उत्तरी-पश्चिमी भाग में बने निम्न दबाव क्षेत्र और साइक्लोनिक सर्कुलेशन के कारण झारखंड के मौसम पर असर पड़ रहा है। हालांकि इसका व्यापक प्रभाव बंगाल, ओडिशा और छत्तीसगढ़ में देखने को मिल सकता है, लेकिन झारखंड में भी कई जिलों में इसका असर स्पष्ट रहेगा।

आज खूंटी, गुमला, सिमडेगा और पश्चिमी सिंहभूम में भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। वहीं छह जुलाई को गढ़वा, पलामू, लातेहार, लोहरदगा, गुमला और सिमडेगा में तेज बारिश की संभावना जताई गई है। सात जुलाई को रांची, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा, पश्चिमी सिंहभूम और खूंटी में भारी बारिश होने का अलर्ट जारी किया गया है।

राज्य में मानसून कमजोर, अब तक 45% कम बारिशः राज्य में मानसून के प्रवेश को लगभग एक माह बीत चुका है, लेकिन अब तक बारिश सामान्य से काफी कम रही है। एक जून से चार जुलाई तक झारखंड में सामान्य वर्षापात 226.3 मिमी होता है, जबकि इस वर्ष केवल 125.6 मिमी ही बारिश रिकॉर्ड की गई है, जो करीब 45 प्रतिशत कम है। राजधानी रांची में भी स्थिति सामान्य से नीचे बनी हुई है।

यहां अब तक 201.2 मिमी बारिश हुई है, जबकि सामान्य आंकड़ा 235 मिमी है, यानी 14 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। पिछले 24 घंटों में सिमडेगा में 51.6 मिमी, पूर्वी सिंहभूम में 37.4 मिमी, रामगढ़ में 28.8 मिमि, रांची में 28.3 मिमी और हजारीबाग में 26.4 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

# भाजपा प्रदेश कार्यालय में हर्षोल्लास के साथ मना अवधेश दुबे का जन्मदिन



संवाददाता

**रांची:** भाजपा प्रदेश कार्यालय रांची में भाजपा किसान मोर्चा कार्यक्रम समन्वयक के प्रदेश संयोजक अवधेश दुबे का जन्मदिन जन्मदिवस काफी उत्साहपूर्वक हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष अजय दुबे, प्रदेश महामंत्री अर्जुन सिंह, प्रदेश मंत्री द्वय प्रभात रंजन, डॉ बिनोद ठाकुर, कार्यालय मंत्री सज्जन पंकज, सह कार्यालय मंत्री सुरेंद्रनाथ, त्रिपुरारी नाथ तिवारी के साथ प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से अवधेश दुबे को अंगवस्त्र ओढ़ाकर तथा मिठाई खिलाकर खुशियों का इजहार किया, तथा शुभकामनाएं दी। इस शुभ अवसर पर भाजपा प्रदेश मंत्री शालिनी मैडम, सह कार्यालय मंत्री सूरज चौरसिया, सह मीडिया प्रभारी ठाकुर नीरज सिंह तथा न्यूज 11 भारत की एंकर सुश्री रुचि शर्मा जी की गरिमामई उपस्थिति ने कार्यक्रम को और खास बना दिया। उन सभी पदाधिकारियों ने भी अवधेश दुबे को जन्म दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। मौके पर अवधेश दुबे ने भी सबों की ओर से इस स्नेह और प्यार पाने के लिए अपनी ओर से सबों को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा कहा कि आप सबका स्नेह और प्यार इसी तरह निरंतर मिलता रहे, यही ईश्वर से कामना करता हूं। इस जन्मदिवस को विशेष खास बनाने के लिए प्रदेश मीडिया प्रभारी सुनील कुमार सिंह ने वर्तमान में चलन में चल रहे हैप्पी बर्थ डे ना बोलकर सनातनी संस्कृति को बढ़ावा देने और लोगों को ध्यान आकर्षित कर प्रेरित करने के लिए माता- पिता के साथ साथ पंचतत्व जैसे पृथ्वी, अंबर, जल, वायु, और अग्नि को बधाईझ्र एक पंक्ति स्वरूप सांस्कृतिक गान गाकर अवधेश दुबे जी को जन्म दिवस की बधाई दी। जिसे सुनकर उपस्थित जनों ने श्री सिंह की उक्त गान की सराहना करते हुए काफी तारीफ की तथा स्वागत किया।

इस खुशी के मौके पर अवधेश दुबे ने भी उपस्थित जनों को अपनी ओर से मिठाई खिलाकर अपनी जन्मदिन की खुशियां मनाई।

# रांची में विकास पर 'फंड ब्रेक'! मेयर रोशनी खलखो ने सरकार को घेरा, पैसा नहीं, काम कैसे होगा?

गुलाम शाहिद

**रांची:** रांची नगर निगम में विकास कार्यों के लिए पर्याप्त राशि उपलब्ध नहीं होने पर मेयर रोशनी खलखो ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि निगम को समय पर फंड नहीं मिलने के कारण शहर के कई महत्वपूर्ण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं, जिसका सीधा असर आम नागरिकों पर पड़ रहा है।

मेयर ने कहा कि नगर निगम की जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं, लेकिन आवश्यक वित्तीय सहायता उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। उन्होंने सवाल किया कि जब विकास कार्यों के लिए धनराशि ही नहीं मिलेगी तो सड़क, नाली, सफाई, पेयजल और अन्य बुनियादी सुविधाओं से



जुड़े कार्य कैसे पूरे होंगे।

उन्होंने सरकार से अविलंब नगर निगम को आवश्यक फंड जारी करने की मांग करते हुए कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं निकला तो जनहित में आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए मजबूर होना पड़ेगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर निगम जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरना चाहता है, लेकिन वित्तीय संसाधनों के अभाव में विकास कार्यों की गति बाधित हो रही है। मेयर ने राज्य सरकार से आग्रह किया कि रांची जैसे राज्य की राजधानी शहर के विकास को प्राथमिकता देते हुए नगर निगम को पर्याप्त वित्तीय सहायता उपलब्ध कराई जाए, ताकि शहर के विकास कार्य निर्बाध रूप से जारी रह सकें।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो (हजारीबाग)।**

**प्रेस विज्ञप्ति/आवश्यक सूचना**

जनसाधरण एवं कृषक को सूचित किया जाता है कि संचालित कोनार सिंचाई परियोजना का लाईनिंग एवं UGPL का कार्य प्रगति पर है। इस कारण सिंचाई हेतु जलापूर्ति अस्थायी रूप से प्रभावित रहेगा। कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किया जा रहा है। कार्य पूर्ण होने के उपरान्त सिंचाई हेतु जलापूर्ति पूर्ववत बहाल कर दिया जायेगा। अतः जनसाधारण एवं कृषकों से अनुरोध है कि वे इस अवधि में सहयोग एवं धैर्य बनाए रखें। विभाग को हुई असुविधा के लिए खेद है।

ह०./–
कार्यपालक अभियंता,
कोनार नहर प्रमण्डल, बनासो।

PR.NO.384046 Water Resource(26-27):D



**झारखण्ड सरकार, कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता विभाग उद्यान निदेशालय, झारखण्ड**
**कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा**

**आम सूचना**

झारखण्ड सरकार, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग (उद्यान प्रभाग) के राज्यादेश संख्या:–16, दिनांक 10.06.2026 के आलोक में राज्य योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 हेतु कृषक भाईयों को सूचित किया जाता है कि **लोहरदगा** जिला में निम्नांकित रूप से **उद्यान विकास की योजना** अन्तर्गत उपयोजना **मधुमक्खी पालन की योजना** का कार्यान्वयन किया जाना है, जिसके लिए योजनानुसार अवयवार निर्धारित अनुदानपर योजना का लाभ प्रदान किया जाना है। इच्छुक कृषक/स्वयं सहायता समूह/कृषक उत्पादक समूह(FPO)/सहकारी समिति/सखी मण्डल, जोइस योजना का लाभ लेना चाहते हैं, वे अपना आवेदन स्थानीय माननीय जन–प्रतिनिधि से अनुसंशित कराकर दिनांक **15.07.2026** तक कार्यालय अवधि में जिला उद्यान कार्यालय, प्रखण्ड उद्यान नर्सरी परिसर, लोहरदगा में जमा कर सकते हैं।

मधुमक्खी पालन की योजना का भौतिक लक्ष्य (सं०/इकाई/हे०/एकड़ में)

| क्र.सं. | कार्यअवयव | भौतिक लक्ष्य |
|---|---|---|
| 1 | Honey Bee Colony Per Farmers 20 Units @Rs 1600/Unit | 18सं० |
| 2 | Hives Per Farmers 20 Units @Rs 1600/Unit | 18सं० |
| 3 | Equipment Including Honey Extractor (4 Frame ), Food Grade Container ( 30 kg), Net etc. Per farmers 1 unit @ Rs16000/unit | 18सं0 |
| 4 | District level Training @ Rs 1000/farmer.day for 3 Days | 18 सं0 |

नोट :– 1. जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा के द्वारा लाभुकों/कृषकों की पात्रता को सत्यापित किया जायेगा।
2. लाभुक का चयन उपलब्ध उपलब्ध सूचि के अनुसार पंचायती राज संस्थाओं के स्थानीय प्रतिनिधियों द्वारा अनुशंसा के आधार पर किया जायेगा।
3. योजना कार्यान्वयन में SC, ST लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, FPO, महिला स्वयं सहायता समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
4. जिला उद्यान कार्यालय, लोहरदगा से दिनांक **15.07.2026** तक कार्यालय अवधि में निःशुल्क आवेदन प्रपत्र प्राप्त किया जा सकता है।
5. आवेदन प्रपत्र दिनांक**15.07.2026** तक जमा किया जाना है, उसके बाद आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
7. उपरोक्त योजना उद्यान निदेशालय, झारखण्ड से प्राप्त लक्ष्य के आलोक में है।
8. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी हेतु प्रखण्ड स्तर पर **BAO/BTM/ATM/VLW**/उद्यान मित्र/ कृषक मित्र एवं जिला स्तर पर कार्यालय जिला उद्यान पदाधिकारी, लोहरदगा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी,
लोहरदगा।

PR : 384042 Lohardaga(26-27) D


# हिंदपीढ़ी में इस्लामिक क्विज का उत्साह, सही जवाब देने वालों को मिला मेडल व सर्टिफिकेट

गुलाम शाहिद

**रांची:** मोहर्रम के अवसर पर हिंदपीढ़ी में आम जनता हेल्पलाइन द्वारा आयोजित इस्लामिक क्विज प्रतियोगिता में बच्चों, युवाओं और बुजुर्गों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में इस्लामिक इतिहास, धार्मिक शिक्षाओं और नैतिक मूल्यों से जुड़े प्रश्न पूछे गए, जिनका प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिया।

प्रतियोगिता में सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को मेडल एवं सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। पुरस्कार मिलने पर बच्चों और अभिभावकों में विशेष उत्साह देखने को मिला। आयोजन का उद्देश्य नई पीढ़ी में इस्लामी





ज्ञान, नैतिक मूल्यों और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में वार्ड पार्षद पप्पू गद्दी, वार्ड पार्षद फरहा नाज, समाजसेवी फरीद खान, जमीयतुल एराकीन के महासचिव सैफुल हक, आम जनता हेल्पलाइन के फिरोज जिलानी तथा विक्र ऑफ सुसाइटी के तनवीर अख्तर सहित बड़ी संख्या में गणमान्य लोग एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी अतिथियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के ज्ञानवर्धक कार्यक्रम समाज में शिक्षा, जागरूकता और नैतिक मूल्यों को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

आम जनता हेल्पलाइन के अध्यक्ष एजाज गद्दी ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी प्रतिभागियों, अतिथियों, अभिभावकों, सहयोगियों एवं स्वयंसेवकों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि समाज में शिक्षा, जागरूकता और आपसी भाईचारे को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे।





# बरसात के मौसम में भूलकर के भी न खाएं ये चीजें





**झबदलते मौसम के साथ हमारा खानपान भी बदल जाता है। जैसा कि मानसून आ गया है और बरसात के इस मौसम में कुछ खाद्य पदार्थों का सेवन सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। बरसात के दौरान इंफेक्शन का खतरा अधिक बढ़ जाता है, क्योंकि इस मौसम में नमी और गंदगी के कारण बैक्टीरिया, वायरस और फंगल इंफेक्शन के पनपने का खतरा तेजी से बढ़ जाता है।**

बरसात के मौसम में कुछ चीजें खाने से बचना चाहिए, नही तो आप इंफेक्शन के चपेट में आ सकते हैं और पाचन संबंधी कई दिक्कतें भी हो सकती हैं। इसलिए इस मौसम में कुछ सब्जियों, फलों और फूड के सेवन से बचना चाहिए। इसके अलावा कोशिश करें कि मौसम में तो खासतौर पर बहार का कुछ न खाएं। इन सभी बातों का ध्यान रखकर बरसात के मौसम में अपनी सेहत का ख्याल रखा जा सकता है। यहा कुछ ऐसे खाद्य पदार्थों के बारे मे बताया गया है, जिसे मानसून में खाने बचना चाहिए।

## फ्राइड फूड

बरसात के मौसम में नमी अधिक होती है, जिसके फ्राइड फूड हुए खाने से पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इस मौसम में वॉक या कई फिजिकल एक्टिविटी भी कम हो जाती है, जिसके कारण पेट में एसिडिटी और गैस की समस्या बढ़ सकती है।

## दूध और दूध से बने प्रोडक्ट


बरसात के मौसम में दूध से बनी चीजें जल्दी खराब हो जाती हैं। जिसके कारण फूड पॉइजनिंग का खतरा भी बढ़ जाता है। इसलिए दूध और दूध से बने उत्पादों से इस मौसम में दूर रहना चाहिए। बरसात के दौरान दही भी खाने से बचें।

## सीफूड

बरसात के मौसम में सी फूड खाने से फूड पॉइजनिंग का खतरा बढ़ जाता है, क्योंकि इस मौसम में समुद्री जीवों में बैक्टीरिया और वायरस के फैलने का खतरा भी बढ़ जाता है।

## कटे हुए फल

बरसात के मौसम में ज्यादा देर के कटे हुए फल बिल्कुल भी नही खाना चाहिए। क्योंकि कटे हुए फल मे भी बैक्टीरिया पनप सकते हैं और फल जल्दी खराब हो जाते हैं, ऐसे में कटे हुए फल खाने से पेट की समस्याएं हो सकती हैं।



# रोज खाई जाने वाले 5 चीजें भी बना देंगी कैंसर का मरीज

**पानी पूरी या गोलगप्पा खाना भला किसे पसंद नही है। लेकिन आपको जानकर ताज्जुब होगा कि गोलगप्पा कैंसर पैदा करने वाले तत्व पाए गए हैं।**

कैंसर का मरीज बना सकती है पानीपूरी खाने-पीने की चीजों पर नजर रखने वाली देश की सबसे बड़ी संस्था ने पाया कि राज्य के 260 पानी पूरी के सैंपल में से 22% सुरक्षा आवश्यकताओं को पूरा करने में विफल रहे। FSSA ने 79 स्थानों पर जांच की, जिनमें से 49 बेंगलुरु मे थे। जांच मे पाया गया कि 260 सैंपल में से 41 में आर्टिफिशियल कलर और संभावित रूप से कैंसर पैदा करने वाले रसायन पाए गए, जो उन्हे खाने के लिए असुरक्षित बनाते हैं। 18 अन्य सैम्पल भी खराब गुणवत्ता के पाए गए। गोलगप्पे में पाए गए हानिकारक रसायन गोलगप्पे में चटख नीला (ब्रिलियंट ब्लू), सूर्यास्त पीला (सनसेट यलो) और टार्टराज़ीन जैसे कई हानिकारक रसायन पाए गए हैं।

## गंभीर बीमारियों का खतरा

हेल्थ एक्सपर्ट्स ने चेतावनी दी है कि इन पदार्थों का ज्यादा सेवन करने से पेट दर्द, हार्ट डिजीज और इम्यून सिस्टम कमजोर होना जैसी गंभीर बीमारिया हो सकती हैं।

## पाचन बिगाड़ सकता है चटख नीला या ब्रिलियंट ब्लू

यह एक आर्टिफिशियल कलर है जिसका इस्तेमाल अक्सर खाने और कॉस्मेटिक उत्पादो में किया जाता है। ज्यादा मात्रा मे खाने से त्वचा मे एलर्जी, पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं।

## सूर्यास्त पीला (सनसेट यलो) के खतरे

यह भी एक आर्टिफिशियल कलर है जिससे त्वचा पर लाल चकत्ते और खुजली जैसी एलर्जी हो सकती है। इससे पेट की तकलीफ भी हो सकती है। सरकारी संस्थाए इसके इस्तेमाल में सावधानी बरतने की सलाह देती हैं।

## टार्टराज़ीन के खतरे

यह पेट्रोलियम उत्पादों से बना एक आर्टिफिशियल कलर है जिसका इस्तेमाल खाने और पीने के पदार्थों को आकर्षक दिखाने के लिए किया जाता है। इससे एलर्जी, दमा और त्वचा पर रैशेज जैसी समस्याएं हो सकती हैं। इससे भविष्य में कैंसर हो सकता है।

## इन चीजों को खाने से हो सकता है कैंसर

प्रोसेस्ड फूड्स, रेड मीट, फ्राइड फूड्स, शुगरी बेवरेज, शराब, रिफाइंड फूड्स, साल्टेड फूड्स आदि के अधिक सेवन से भी कैंसर हो सकता है क्योंकि इनमें कैंसर वाले तत्व पाए जाते हैं।





स्पार्कलिंग वॉटर को कार्बन डाइऑक्साइड गैस को पानी में प्रेशर के साथ इंजेक्ट करके बनाया जाता है। इससे एक बबली ड्रिंक बनती है, जिसे स्पार्कलिंग वॉटर कहते हैं। कई सारे सेलिब्रिटीज इसे पीना पसंद करते हैं।

# क्या होता है स्पार्कलिंग वॉटर और क्या हैं इसके फायदे, नुकसान

पानी पीना हमारे डेली रूटीन का जरूरी हिस्सा है। हम सभी इसके फायदों से परिचित हैं। हालाकि, पिछले कुछ सालों में स्पार्कलिंग वॉटर का ट्रेंड सेलिब्रिटीज के बीच काफी बढ़ गया है। अलग- अलग फ्लेवर में आने के कारण लोग इसका स्वाद बेहद पसंद कर रहे हैं। इस तरह का बुलबुले वाला पानी आपने होटल्स में भी जरूर देखा होगा। खासतौर से जो लोग सोडा की लत छोड़ना चाहते हैं, उनके लिए यह सबसे अच्छा विकल्प है। तो आइए जानते हैं आखिर क्या होता है ये स्पार्कलिंग वॉटर और क्या है इसके फायदे, नुकसान।

## क्या होता है स्पार्कलिंग वॉटर

स्पार्कलिंग वॉटर को कार्बोनेटेड वॉटर भी कहा जाता है। आम भाषा में इसे बुलबुले वाला पानी भी कहते हैं। इस पानी में कार्बनडाइ ऑक्साइड मिलाया जाता है। दरअसल, कार्बनडाइ ऑक्साइड गैस को पानी में प्रेशर से इंजेक्ट किया जाता है, जिस कारण पानी में बुलबुले उठने लगते हैं। इसे स्वादिष्ट बनाने के लिए नमक भी मिलाया जाता है। स्पार्कलिंग वॉटर में पोटेशियम बाइकार्बोनेट, सोडियम बाइकार्बोनेट और सोडियम साइट्रेट जैसे मिनरल्स भी मिलाए जाते हैं।

## स्पार्कलिंग वॉटर के फायदे

- यह पानी प्यास बुझाने के लिए आर्टिफिशियल ड्रिंक से ज्यादा बेहतर है।
- अमेरिकन डेंटल एसोसिएशन के अनुसार, स्पार्कलिंग वॉटर दांतों के लिए अच्छा है।
- नॉन फ्लेवर्ड स्पार्कलिंग वॉटर आपको हाइड्रेट रखने में मदद करता है।
- स्पार्कलिंग वॉटर पीकर आप वजन कम कर सकते हैं।
- अगर आप सोडा का सेवन कम करना चाहते हैं, तो स्पार्कलिंग वॉटर अच्छा विकल्प है।
- इसे पीने के बाद पेट भरा हुआ महसूस होता है।

## स्पार्कलिंग वॉटर के नुकसान

- इस पानी में एसिड की मात्रा ज्यादा होती है, जिससे आपके इनेमल को नुकसान पहुंच सकता है।
- किसी भी तरह के फिजी ड्रिंक पीने के बाद सूजन और गैस बन सकती है।
- कुछ तरह के स्पार्कलिंग वॉटर में आर्ट्रिफिशियल स्वीटनर का इस्तेमाल किया जाता है, जो सेहत के लिए अच्छे नही होते।
- फ्लेवर्ड स्पार्कलिंग वॉटर में सोडियम बहुत होता है, जो लोगों में हाइपरटेंशन का कारण बन सकता है।

## कैसे चुनें सही स्पार्कलिंग वॉटर

मार्केट से स्पार्कलिंग वॉटर खरीदते समय ध्यान रखें कि इसमें चीनी और कैलोरी की मात्रा कम होनी चाहिए। इसके अलावा आप जो स्पार्कलिंग वॉटर खरीद रहे हैं, उसमें हाई फरुक्टोज कॉर्न सिरप, सोडियम, आर्टिफिशियल फ्लेवर, एस्पार्टेम और सुक्रालोज जैसे आर्टिफिशियल स्वीटनर न हों।



## किन लोगों को नहीं पीना चाहिए स्पार्कलिंग वॉटर

जिन लोगों का ब्लड प्रेशर हाई रहता है या जो सूजन के प्रति संवेदनशील हैं, उन्हें स्पार्कलिंग वॉटर नही पीना चाहिए। इसके अलावा जिन लोगों को गैस्ट्रोइंटेस्टाइनल इशू है, उन्हें कार्बोनेटेड वॉटर का सेवन करने की मनाही होती है।

## स्पार्कलिंग वॉटर पीना सेफ है या नहीं

कई लोग बिना जानकारी के स्पार्कलिंग वॉटर पीना शुरू कर देते हैं, लेकिन वो नही जानते कि इसे पीना सेफ है भी या नही। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि स्पार्कलिंग वॉटर सादा पानी पीने के बराबर है। अगर आप नॉन फ्लेवर्ड स्पार्कलिंग वॉटर पी रहे हैं, तो बता दें कि इसमें शुगर और कैलोरी नही होती। ऐसे में इस पानी को पीना पूरी तरह से सेफ है।





# हाई कोलेस्ट्रॉल से हैं परेशान तो खाना शुरू कर दीजिए ये 5 सब्जियां

**हेल्दी हार्ट के लिए हेल्दी डाइट लेना जरूरी है। अगर आप चाहते है कि भविष्य में आप हार्ट के मरीज न बनें, तो इसके लिए आपको अपना कोलेस्ट्रॉल मेंटेन रखना भी बहुत जरूरी है। जिन लोगो का हाई कोलेस्ट्रॉल है, उन्हें अपनी डाइट में खास ध्यान देने की जरूरत है, क्योंकि ऐसे मरीजो में अटैक का खतरा बढ़ जाता है। बढे हुए हाई कोलेस्ट्रॉल को कंट्रोल करने के लिए कुछ सब्जियों का सेवन बहुत लाभकारी हो सकता है।**

ये सब्जियां न केवल कोलेस्ट्रॉल के स्तर को कम करने में मदद करती हैं, बल्कि हृदय रोग के खतरे को भी कम करती हैं। यहां जानते हैं कुछ ऐसी ही सब्जियों के बारे मे, जो आपके हाई कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करेंगी।

## लहसुन

लहसुन मे एलिसिन नामक पावरफुल गुण पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल के लेवल कम करने मे मददगार है। इसका सेवन ब्लड प्रेशर को भी कंट्रोल में रखता है।

## पालक

पालक में ल्यूटिन, फाइबर और अन्य पोषक तत्व होते है जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करते हैं। इसमें मौजूद हाई एंटीऑक्सीडेंट आर्टीज में प्लाक जमने से रोकते हैं जिससे हृदय रोग का खतरा कम होता है।

## ब्रोकली




हार्ट के लिए ब्रोकली एक सुपरफूड है। ब्रोकली में उच्च मात्रा में फाइबर होता है, जो कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है, जिससे ब्लॉकेज का खतरा भी कम होता है।

## अन्य सब्जियां

अधिक फाइबर युक्त सब्जियां, जैसे कि गाजर, टमाटर और ककड़ी में भी कई ऐसे गुण पाए जाते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करती हैं।

## बैंगन

बैंगन में फाइबर और कई तरह के एंटीऑक्सीडेंट्स होते है, जो बेड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कंट्रोल करने में मदद करते हैं। इसका सेवन पाचन स्वास्थ्य के लिए भी अच्छा है और यह कब्ज की समस्या में भी राहत देता है।



मेट्रो रेज की ओर से स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक जीतेन्द्र कुमार सिंह के लिए जेके न्यूज नेटवर्क, पिपरटोली, अरगोड़ा, रांची 834002 (झारखंड) से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा, पेट्रोल पंप रातू रोड, रांची , (झारखंड) से मुद्रित।
**प्रधान संपादक** : जीतेन्द्र कुमार सिंह, **संपादक** : लाल दिवाकर नाथ शाहदेव*, *पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 7369017908, R.N.I. No.-JHAHIN/2017/75028 **website : www.metrorays.in**
**email : metrorays.ranchi@gmail.com**

# एम्स देवघर में बनेगा विश्राम गृह, सेवादान आरोग्य फाउंडेशन के साथ हुआ एमओयू

**एजेंसी**

देवघर : एम्स देवघर ने मरीजों और उनके परिजनों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए सेवादान आरोग्य फाउंडेशन के साथ एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत संस्थान परिसर में विश्राम गृह का निर्माण और प्रबंधन किया जाएगा। इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी प्रोफेसर (डॉ) नितिन गंगने, उपनिदेशक प्रशासन लेफ्टिनेंट कर्नल अभिक दास और सुपरिंटेंडिंग इंजीनियर देवानंद झा मौजूद थे। परिसर में 1935 वर्ग मीटर भूमि चिह्नितः प्रस्तावित विश्राम गृह में 100 व्यक्तियों के लिए डॉर्मिटरी, 20 व्यक्तियों के लिए कमरे तथा 100



व्यक्तियों की क्षमता वाला भोजन कक्ष शामिल होगा। इसके लिए परिसर में 1935 वर्ग मीटर भूमि चिह्नित की गई है। यह सुविधा झारखंड एवं आसपास के राज्यों के दूरदराज जिलों से आने वाले मरीजों और उनके परिजनों की आवासीय समस्या को देखते हुए विकसित की जा रही है, जिन्हें अक्सर इलाज के दौरान ठहरने में कठिनाई होती है।

पूरा खर्च सेवादान आरोग्य फाउंडेशन सीएसआर से वहन करेगीः इस विश्राम गृह के निर्माण का पूरा खर्च सेवादान आरोग्य फाउंडेशन अपनी कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी (सीएसआर) पहल के तहत वहन करेगी। सर्वेक्षण और मिट्टी जांच का कार्य पूरा हो चुका है और ड्रॉइंग की तैयारी चल रही है। निर्माण कार्य शीघ्र शुरू होने की संभावना है। यह विश्राम गृह नाममात्र लागत पर संचालित किया जायेगा, जिससे लंबे समय तक रुकने वाले मरीज परिजनों पर आर्थिक बोझ कम होगा और उन्हें सुरक्षित, स्वच्छ और सुविधाजनक आवास परिसर के भीतर ही उपलब्ध होगा। एम्स देवघर प्रशासन ने इस सहयोग के लिए सेवादान आरोग्य फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया है और इसे मरीज-हितैषी स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

## मोनिता कुमारी पुनः पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव मनोनीत



**संवाददाता**

साहिबगंज/पाकुड़ः पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी की महासचिव मोनिता कुमारी ने ऑल इंडिया कांग्रेस कमिटी की सचिव एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस की सह प्रभारी डॉ।बेला प्रसाद,झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के महासचिव सह पाकुड़ जिला प्रभारी जमील अख्तर तथा प्रदेश सचिव सह पाकुड़ विधानसभा प्रभारी ऐनुल हक अंसारी से शिष्टाचार मुलाकात की।इस दौरान संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर भी चर्चा हुई।मौके पर डॉ।बेला प्रसाद ने मोनिता कुमारी को पुनः पाकुड़ जिला कांग्रेस कमिटी के महासचिव पद पर मनोनीत करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।उन्होंने विश्वास जताया कि मोनिता कुमारी संगठन को और अधिक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में सक्रिय भूमिका निभाएंगी। वहीं,मोनिता कुमारी ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है,उस पर वह पूरी निष्ठा,ईमानदारी और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगी तथा कांग्रेस संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने के लिए निरंतर कार्य करती रहेंगी।

# झारखंड के 41 फीसदी प्राथमिक शिक्षकों ने पूरा नहीं किया प्रशिक्षण

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों के लिए 50 घंटा का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है

**एजेंसी**

रांची : राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप शिक्षकों के लिए 50 घंटा का प्रशिक्षण अनिवार्य किया गया है। इसके तहत शिक्षकों के लिए 30 घंटा का ऑनलाइन और 20 घंटा का ऑफलाइन प्रशिक्षण का प्रावधान किया गया है। शिक्षकों के प्रशिक्षण को लेकर झारखंड शिक्षा परियोजना के निदेशक शशि रंजन ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को पत्र लिखा है। राज्य में कक्षा 1 से 5 तक के शिक्षकों का ऑनलाइन प्रशिक्षण 23 अप्रैल से शुरू किया गया था, इसकी समय अवधि 21 जुलाई को समाप्त हो जाएगी।

15% शिक्षकों ने प्रशिक्षण शुरू नहीं किया, 41% अधूरा : शिक्षा परियोजना द्वारा जिलों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि राज्य के 15 फीसदी शिक्षकों ने प्रशिक्षण की



प्रक्रिया ही शुरू नहीं की है। जबकि 41 फीसदी शिक्षकों ने प्रशिक्षण की प्रक्रिया तो शुरू की अब उसे पूरा नहीं किया। परियोजना निदेशक ने शत-प्रतिशत शिक्षकों का प्रशिक्षण कार्य पूर्ण कराने को कहा है। इधर कक्षा एक से पांच के बाद अब कक्षा छह से आठ और नौवीं से 12वीं तक के शिक्षकों का भी ऑनलाइन प्रशिक्षण शुरू हो गया है। शिक्षकों के प्रशिक्षण का समय दो जुलाई से 30 सितंबर तक निर्धारित किया गया है। प्रशिक्षण को लेकर इस संबंध में जिलों को आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिया गया है। शिक्षकों का प्रशिक्षण आवश्यकता आधारित आकलन परीक्षा के परिणाम के अनुरूप होगा। प्रशिक्षण में शिक्षकों की आवश्यकता के अनुरूप अलग-अलग मड्यूल तैयार किया गया है। मूल्यांकन के बाद मिलेगा प्रमाण पत्रः प्रशिक्षण कार्य पूर्ण होने के बाद शिक्षकों का प्रशिक्षण आधारित एक घंटा का मूल्यांकन होगा। मूल्यांकन जे गुरुजी एप के माध्यम से होगा। मूल्यांकन पूर्ण होने के बाद शिक्षकों को प्रशिक्षण पूर्ण करने का ऑनलाइन प्रमाण पत्र मिलेगा। शिक्षकों पर कार्रवाई का निर्देशः जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला शिक्षा अधीक्षक को शत-प्रतिशत शिक्षकों का प्रशिक्षण सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया गया है। वैसे शिक्षक जो तय समय में प्रशिक्षण पूर्ण नहीं करेंगे उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# आईटीआई सापचाला हॉस्टल में फूड पॉइजनिंग की आशंका, 21 छात्राओं की बिगड़ी तबीयत

**संवाददाता**

**दुमकाः** जिले के मसलिया थाना क्षेत्र स्थित आईटीआई सापचाला के छात्रावास में शुक्रवार रात भोजन करने के बाद 21 छात्राओं की तबीयत अचानक बिगड़ गई। सभी छात्राएं कौशल विकास कार्यक्रम के तहत विभिन्न ट्रेडों का आवासीय प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। घटना के बाद छात्रावास में अफरा-तफरी मच गई। छात्राओं को आनन-फानन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, मसलिया पहुंचाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। भोजन के बाद उल्टी, चक्कर और बेहोशी की शिकायतः जानकारी के अनुसार, छात्राओं ने रात के भोजन में भात, दाल और सब्जी खाई थी। भोजन के कुछ ही देर बाद कई छात्राओं को उल्टी, चक्कर और बेहोशी जैसी शिकायतें होने लगीं। इसके बाद संस्थान प्रबंधन ने तत्काल अपने वाहन से कुछ छात्राओं को अस्पताल पहुंचाया। सूचना मिलने पर एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची और अन्य छात्राओं को भी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया



गया। 15 छात्राएं अस्पताल में भर्ती, सात की हालत गंभीरः अस्पताल में करीब 15 छात्राओं का इलाज चल रहा है। इनमें सात छात्राओं की स्थिति अपेक्षाकृत गंभीर बताई जा रही है। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम आईटीआई सापचाला पहुंचकर शिविर लगाकर अन्य छात्राओं की स्वास्थ्य जांच, उपचार और आवश्यक दवाएं उपलब्ध करा रही है। छात्रा ने दाल में छिपकली होने की जताई आशंकाः एमएसटी ट्रेड की छात्रा अनामिका सोरेन ने बताया कि उन्हें आशंका है कि दाल में छिपकली गिर गई थी और वही भोजन छात्राओं को परोस दिया गया। उनका कहना है कि भोजन करने के बाद कई छात्राओं की तबीयत बिगड़ गई। हालांकि, इस दावे की अब तक आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग पूरे मामले की जांच कर रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग की टीम मौके पर डटीः घटना की सूचना मिलते ही स्वास्थ्य विभाग की टीम आईटीआई सापचाला पहुंची। डॉ। विकास कुमार, डॉ। दुर्गेश कुमार, एएनएम संजू कुमारी, बुबाई नंदी, ज्ञान प्रकाश यादव और मुख्तार हेम्ब्रम सहित स्वास्थ्यकर्मी छात्राओं के उपचार और निगरानी में जुटे रहे। स्वास्थ्य विभाग ने छात्राओं की स्थिति पर लगातार नजर बनाए रखी है।

### स्नातक के प्रथम सेमेस्टर में नामांकन के लिए ऑनलाइन पोर्टल केवल एक बार ही खोला जाएगाः डॉ ध्रुब

**संवाददाता**

साहिबगंज :महिला महाविद्यालय साहिबगंज के प्राचार्य डॉ।ध्रुब ज्योति कुमार सिंह ने बीए,बीकॉममें नामांकन की इच्छुक छात्राओं को महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि शैक्षणिक सत्र 2026-30 में राष्ट्रीय शिक्षा नीति के नवीन दिशा-निर्देशों के अनुरूप स्नातक प्रथम सेमेस्टर में नामांकन हेतु ऑनलाइन पोर्टल केवल एक बार ही खोला जाएगा सभी विषयों में सीटों की संख्या सीमित है।उन्होंने बताया कि साहिबगंज शहर में बीए।,बीकॉम।में नामांकन के लिए केवल दो महाविद्यालय साहिबगंज महाविद्यालय, साहिबगंज व महिला महाविद्यालय साहिबगंज मे उपलब्ध हैं। इसलिए छात्राओं को सलाह दी जाती है कि वे दोनों महाविद्यालयों में अलग-अलग ऑनलाइन आवेदन अवश्य करें। डॉ सिंह ने कहा कि यदि किसी कारणवश या सीटों की सीमित उपलब्धता के कारण किसी छात्रा का नामांकन एक महाविद्यालय में नहीं हो पाता है तो दूसरे महाविद्यालय में आवेदन किया होना उसके नामांकन की संभावना बनाए रखेगा। केवल एक महाविद्यालय में आवेदन करने की स्थिति में सीटें भर जाने पर नामांकन से वंचित होना पड़ सकता है। उन्होंने सभी छात्राओं और अभिभावकों से अपील की कि वे अंतिम तिथि की प्रतीक्षा न करें। ताकी समय रहते साहिबगंज महाविद्यालय व महिला महाविद्यालय दोनों में अलग-अलग आवेदन कर दें। ताकि सीमित सीटों के कारण नामांकन से वंचित होने की स्थिति उत्पन्न न हो।

## जिला केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट संगठन की कार्यकारिणी बैठक

# जिले में 10 जुलाई से सदस्यता अभियान की होगी शुरूआत :अनूप सिंह

**एजेंसी**

साहिबगंजः जिला केमिस्ट एंड ड्रगीस्ट संगठन की कार्यकारिणी बैठक शनिवार को जिला परिषद परिसर स्थित जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष अनूप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई।बैठक में कई बिंदु पर विस्तार पूर्वक चचाएं हुई। मुख्य रूप से बैठक में संगठन का वार्षिक सदस्यता अभियान पूरे जिले में चलाए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अलावा संगठन को पूरे जिले में विस्तार करने का निर्णय लिया गया। इस संबंध में जिला अध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि जिले में 10 जुलाई से सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी,जिसे लेकर दो टोली बनाई



गई है। जिसमें एक टोली बरहरवा,कोटलपोखर,उधवा,राजमहल के विभिन्न क्षेत्रों में सदस्यता अभियान की शुरूआत होगी तो वहीं दूसरी टोलीसाहिबगंज,मिर्जाचौकी,मंडरो,तालझारी,महाराजपुर,सकरीगली, तीनपहाड़ सहित अन्य स्थानों में सदस्यता अभियान चलाएंगी।इधर जिला सचिव कृष्ण प्रसाद भगत ने बताया कि जिले के सभी दवा व्यवसाय संगठन के सदस्यता अभियान में जोड़ शोर के साथ जुड़े। जिले के सभी दवा व्यापारी संगठन के दिशा निर्देश पर अपने प्रतिष्ठान पर कार्य करें।साथ ही सरकार की हर दिशा निर्देश का पालन करते हुए निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें। उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष अनूप कुमार सिंह,जिला सचिव कृष्ण प्रसाद भगत,उपाध्यक्ष नवल किशोर मंडल, सहसचिव महेश अग्रवाल,कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार,कार्यकारिणी सदस्य चंदन योगी,दीप नारायण कुशवाहा,सुनील महतो,गौरव रामेश्वरम,वसीम अंसारी के अलावा अन्य सदस्य मौजूद थे।

# बरमसिया ग्राम प्रधान पर भ्रष्टाचार का आरोप, उपायुक्त से प्रधान को , पद से हटाने की मांग

### सत्यापन हस्ताक्षर के लिए 500 से 1000 एवं खजाना रसीद के लिए 5000 की रिश्वत लने का आरोप

**संवाददाता**

साहिबगंज/पतनाः पतना प्रखण्ड अंतर्गत बरमसिया मौजा से एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है,जो चिंताजनक है,जहाँ सरकार ग्रामीण क्षेत्रों को बिकास और शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने का प्रयास कर रही है वहीं गरीब स्थानीय ग्रामीणों को भ्रष्टाचार के बल पर अपने पद और गरिमा को ताख में रख कर उनके मौलिक अधिकारों का दमन करने का प्रयास किया जा रहा है।दरअसल बरमसिया मौजा न।32



के सरकारी पट्टा ग्राम प्रधान सामु सोरेन पिता-स्व।प्रधान सोरेन पर उनके गैरकानूनी और भरस्टाचारी नीतियों के खिलाफ ग्रमीणों ने साहिबगंज जिला उपायुक्त अनुमंडल पदाधिकारी राजमहल एवं अंचलाधिकारी पतना को लिखित आवेदन प्रेषित के ग्राम प्रधान सामु सोरेन को प्रधानी पद से हटाने की मांग की है। सैकड़ो ग्रमीणों ने स्वहस्ताक्षरित आवेदन में बताया है कि 16 आना रैयत होने के बावजूद ग्राम प्रधान सामु सोरेन पिता-स्व प्रधान सोरेन हम ग्रामीणों के गावली पूजा पाठ होली पर्व सोहराय पर्व इत्यादि में कभी भी सम्मिलित नहीं होते हैं। हम ग्रामीणों के सामाजिक विचार या बैठकों में भी उपस्थित नहीं होते हैं।हम ग्रामीणों 16 आना रैयतो का स्कूल छात्र छात्रा का जाति एवं निवास प्रमाण पत्र का जरूरत पड़ता है,उसमें भी ग्राम प्रधान सामु सोरेन 500 से 1000 रुपये ग्रामीणों से मांगते हैं रुपया नहीं देने पर हस्ताक्षर एवं मोहर नहीं मारते हैं। वहीं जमीन रसीद काटने में भी ग्रमीणों से 5000 से 10000 रुपये मांगते हैं। रुपया नहीं देने पर जमीनी रसीद काट कर नहीं देते हैं और सीधे कहते हैं कि रुपया नहीं दोगे तो हम रसीद काट के नहीं देंगे और कहते हैं। कि जाव जहां शिकायत करना है करो। इस तरह का धमकी हम 16 आना रैयतो को दिया जाता है। स्थानीय ग्रमीणों का कहना है कि प्रधान के इस प्रकार की कार्यशैली से वे काफी परेशान है,गरीब मजदूरी खेती करने वाले लोग इतने पैसे रिश्वत कहाँ से देंगे। ग्राम प्रधान का ये कृत्य सामाजिक तौर पर ग्रामीणों के मौलिक अधिकारों के साथ खिलवाड़ है। इस मामले की गंभीरता से जाँच होनी चाहिए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद : हसनैन अंसारी

**घर से दुर्गंध आने के बाद घटना की जानकारी आई सामने**



**साहिबगंजः**राजमहल थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 4 स्थित पुन्नी टोला मोहल्ले में शनिवार को एक घर से 38 वर्षीय युवक का शव बरामद होने से इलाके में सनसनी फैल गई।मृतक की पहचान इकबाल अहमद अंसारी के पुत्र फरहान अहमद अंसारी उर्फ गुल्लाह के रूप में हुई है।जानकारी के अनुसार,दोपहर के समय घर से तेज दुर्गंध आने पर आसपास के लोगों और राहगीरों को संदेह हुआ।इसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना राजमहल थाना पुलिस को दी।सूचना मिलते ही थाना के एसआई रवि कुमार झा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घर के अंदर प्रवेश किया।जांच के दौरान एक कमरे में फरहान अंसारी का शव निर्वस्त्र अवस्था में पड़ा मिला,जिससे काफी दुर्गंध आ रही थी।पुलिस ने शव को बाहर निकालकर पहचान कराई जहां मोहल्ले वासियों और परिजनों ने उसकी पहचान फरहान अंसारी के रूप में की।इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अनुमंडल अस्पताल भेज दिया।परिजनों और स्थानीय लोगों के अनुसार,फरहान अंसारी मानसिक रूप से अस्वस्थ था। अविवाहित था।वह घर में अकेले रहता था।मोहल्ले के लोगों ने बताया कि पिछले चार दिनों से उसे किसी ने नहीं देखा था।घर से दुर्गंध आने के बाद ही घटना की जानकारी सामने आई।थाना प्रभारी हसनैन अंसारी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। यूडी केस दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। पुलिस मामले की सभी पहलुओं से जांच कर रही है।

### लिंक रेक में देरी के कारण तीन प्रमुख ट्रेनें री-शेड्यूल, बदला प्रस्थान समय

**पश्चिमी सिंहभूम :** रेलवे ने लिंक रेक के विलंब से पहुंचने के कारण रविवार 5 जुलाई 2026 को तीन महत्वपूर्ण ट्रेनों के प्रस्थान समय में बदलाव किया है। रेलवे के अनुसार संबंधित ट्रेनों का परिचालन निर्धारित समय से देरी से किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध किया गया है कि वे स्टेशन के लिए रवाना होने से पहले अपनी ट्रेन का अद्यतन समय अवश्य जांच लें। रेलवे द्वारा जारी सूचना के अनुसार, 12022 बरबिलझहावड़ा एक्सप्रेस को बरबिल स्टेशन से निर्धारित समय दोपहर 1:45 बजे के बजाय शाम 5:15 बजे रवाना किया जाएगा। यह ट्रेन अपने लिंक रेक 12021 के 190 मिनट री-शेड्यूल होने और 234 मिनट की देरी से चलने के कारण विलंबित की गई है। इसी प्रकार 20835 राउरकेलाझपुरी वंदे भारत एक्सप्रेस अब अपने निर्धारित समय दोपहर 2:00 बजे के बजाय शाम 4:30 बजे राउरकेला से प्रस्थान करेगी। रेलवे ने बताया कि इस ट्रेन का लिंक रेक 20836 भी 150 मिनट री-शेड्यूल है तथा 236 मिनट की देरी से चल रहा है, जिसके कारण यह बदलाव किया गया है। वहीं 20897 हावड़ाझरांची वंदे भारत एक्सप्रेस का प्रस्थान समय भी बदला गया है। यह ट्रेन अब हावड़ा से निर्धारित समय दोपहर 2:35 बजे के बजाय शाम 4:00 बजे रवाना होगी। रेलवे के अनुसार डाउन लिंक ट्रेन 20898 के विलंब से चलने के कारण इस ट्रेन को री-शेड्यूल किया गया है। रेलवे ने यात्रियों से अपील की है कि वे असुविधा से बचने के लिए रेलवे की आधिकारिक सूचना के अनुसार ही अपनी यात्रा की योजना बनाएं।

### पलामू में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत जनप्रतिनिधियों के गणना प्रपत्र भरवाकर किया गया डिजिटाइजेशन

**पलामू :** भारत निर्वाचन आयोग के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 अभियान के तहत पलामू जिले में रविवार को निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों एवं मार्क वोटरों के गणना प्रपत्र (ईएफ) भरवाने तथा उनके डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया। डालटनगंज विधानसभा क्षेत्र (76) के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-सदर अनुमंडल पदाधिकारी , मेदिनीनगर की उपस्थिति में पूर्व मंत्री के.एन. त्रिपाठी, स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया तथा जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया सहित अन्य मार्क वोटरों को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए गए। इसके बाद उनकी उपस्थिति में प्रपत्र भरवाकर उनका डिजिटाइजेशन भी कराया गया। इसी क्रम में 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी की उपस्थिति में पांकी विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता को बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) के माध्यम से गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया। बीएलओ ऐप के माध्यम से उनका गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरकर उसका डिजिटाइजेशन भी पूरा किया गया। जिला प्रशासन के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के तहत जिले में गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण और डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप लगातार किया जा रहा है, ताकि मतदाता सूची के पुनरीक्षण की प्रक्रिया समयबद्ध ढंग से पूरी की जा सके।

### कोडरमा : दो कमरे के मकान पर 36.44 लाख का बिजली बिल

**कोडरमा :** बिजली विभाग की लापरवाही का एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। शहर के कोलटेक्स क्षेत्र स्थित एक साधारण दो कमरे के मकान के उपभोक्ता स्वरूप सरकार को 36 लाख 44 हजार 364 रुपये बकाया का बिजली बिल थमा दिया गया। हैरत की बात यह है कि उपभोक्ता का दावा है कि वे पिछले कई महीनों से बिल में सुधार कराने के लिए बिजली विभाग के कार्यालय का लगातार चक्कर लगा रहे हैं, लेकिन समस्या का समाधान करने के बजाय अब विभाग ने कनेक्शन काटने का नोटिस जारी कर दिया है। झारखंड बिजली वितरण निगम लिमिटेड के विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, कोडरमा की ओर से जारी नोटिस में 15 दिनों के भीतर 36,44,364 जमा करने का निर्देश दिया गया है। ऐसा नहीं करने पर बिजली कनेक्शन विच्छेद करने और बकाया वसूली के लिए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है। इसके साथ ही कोडरमा के लखीबागी में महेश पाण्डेय को 69 लाख 76 हजार 492 रुपये, कानूनगो बीघा की रूपा सामंता को 4 लाख 25 हजार 489 रुपये, रंजीत सिंह को 1 लाख 66 हजार 662 रुपये, सुजानपुर के अनिल कुमार को 1 लाख 33 हजार 419 रुपये, नयाडीह के रामू पासवान को 1 लाख 26 हजार 582 रुपये और राज इंटरनेशनल स्कूल को 1 लाख 6 हजार 827 रुपये का बिल भेजा गया है। यह सभी डिस्प्यूटेड बिल कि श्रेणी में रखे गए हैं, पर महीनों बीत जाने के बाद भी बिल सुधारा नहीं गया है। इधर उपभोक्ता स्वरूप सरकार का कहना है कि उनके घर की वास्तविक बिजली खपत इतनी नहीं हो सकती कि लाखों रुपये का बिल बन जाए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को आवेदन देकर बिल में सुधार की मांग की, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला।

# अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता की तैयारी को लेकर हुगली में एडवांस प्रशिक्षण शिविर आयोजित

एजेंसी

**हुगली :** आगामी 30 जुलाई को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में आयोजित होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता की तैयारियों के मद्देनजर शनिवार को हुगली शोतोकान शितो-र्यू कराटे-डो एसोसिएशन की ओर से एक एडवांस ट्रेनिंग कैंप का आयोजन किया गया। लॉर्ड शिवा बैंक्वेट में आयोजित इस विशेष प्रशिक्षण शिविर में जिले और आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कराटे खिलाड़ियों एवं प्रशिक्षकों ने भाग लिया। शिविर का संचालन



अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रशिक्षक एवं 8वीं डैन ब्लैक बेल्ट हंशी प्रेमजीत सेन ने किया। उनके साथ 4वीं डैन ब्लैक बेल्ट शिहान राणा कर्मकार ने भी खिलाड़ियों को उन्नत तकनीकों, आत्मरक्षा, अनुशासन और प्रतियोगिता से जुड़ी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया। इस अवसर पर हंशी प्रेमजीत सेन ने बताया कि 30 जुलाई को कोलकाता के नेताजी इंडोर स्टेडियम में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में दुनिया के विभिन्न देशों के खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। ऐसे में खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार करने के उद्देश्य से इस एडवांस प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि बच्चों को कराटे सिखाने के लिए किसी भी संस्था में भेजने से पहले यह अवश्य सुनिश्चित करें कि वह संस्था मान्यता प्राप्त है या नहीं। उन्होंने कहा कि वर्ल्ड कराटे फेडरेशन अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति के अधीन कार्य करता है, जबकि एशियन कराटे फेडरेशन ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया से संबद्ध है। इसी प्रकार कराटे एसोसिएशन ऑफ बंगाल बंगाल ओलंपिक एसोसिएशन से मान्यता प्राप्त संस्था है।

हंशी सेन ने कहा कि यदि खिलाड़ी मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से प्रशिक्षण लेते हैं और प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं, तो उन्हें राज्य, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के बेहतर अवसर प्राप्त होते हैं। उन्होंने कहा कि सही मंच और उचित मार्गदर्शन ही खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है। प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को तकनीकी दक्षता बढ़ाने के साथ-साथ अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं के अनुरूप मानसिक और शारीरिक रूप से तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया। आयोजकों ने उम्मीद जताई कि इस तरह के प्रशिक्षण शिविर खिलाड़ियों के प्रदर्शन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

## फीफा विश्व कप 2026: प्री-क्वार्टर फाइनल का मंच तैयार, जानिए पूरा कार्यक्रम

एजेंसी

**नई दिल्ली :** फीफा विश्व कप 2026 के राउंड ऑफ 16 (प्री-क्वार्टर फाइनल) मुकाबलों की शुरूआत शनिवार से होगी। अब टूनार्मेंट में 16 टीमें खिताब की दौड़ में बची हैं और अगले चार दिनों में खेले जाने वाले आठ मुकाबले क्वार्टर फाइनल की तस्वीर साफ करेंगे। इस बार मेजबान देशों कनाडा, अमेरिका और मेक्सिको ने भी अंतिम-16 में जगह बनाई है। राउंड ऑफ 16 का पहला मुकाबला 4 जुलाई को ह्यूस्टन स्टेडियम में कनाडा और मोरक्को के बीच खेला जाएगा। भारतीय समयानुसार मैच रात 10:30 बजे शुरू होगा। इसके बाद 5 जुलाई को फिलाडेल्फिया स्टेडियम में पराग्वे और फ्रांस आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 2:30 बजे शुरू होगा। 6 जुलाई को न्यूयॉर्क-न्यू जर्सी स्टेडियम में ब्राजील और नॉर्वे



के बीच मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे खेला जाएगा। इसी दिन मेक्सिको सिटी स्टेडियम में मेजबान मेक्सिको का सामना इंग्लैंड से होगा। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 5:30 बजे शुरू होगा। 7 जुलाई को डलास स्टेडियम में पुर्तगाल और स्पेन की बहुप्रतीक्षित भिड़ंत भारतीय समयानुसार रात 12:30 बजे होगी। इसके बाद सिएटल स्टेडियम में अमेरिका और बेल्जियम के बीच मुकाबला सुबह 5:30 बजे खेला जाएगा। उसी दिन भारतीय समयानुसार रात 9:30 बजे अटलांटा स्टेडियम में मौजूदा चैंपियन अर्जेंटीना का सामना मिस्र से होगा। राउंड ऑफ 16 का अंतिम मुकाबला 8 जुलाई को वैंकूवर में स्विट्जरलैंड और कोलंबिया के बीच खेला जाएगा। यह मैच भारतीय समयानुसार रात 1:30 बजे शुरू होगा। इन आठ मुकाबलों के विजेता क्वार्टर फाइनल में प्रवेश करेंगे और विश्व कप खिताब की दौड़ में अपनी चुनौती बरकरार रखेंगे।

## भारत बनाम इंग्लैंड: वैभव सूर्यवंशी का अंतरराष्ट्रीय डेब्यू, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करेगी टीम इंडिया

एजेंसी

**मैनचेस्टर :** भारत ने इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। हालांकि मैच शुरू होने से पहले सबसे बड़ी चर्चा 15 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी के अंतरराष्ट्रीय पदार्पण को लेकर रही। इसके साथ ही वैभव भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए हैं। 15 साल 99 दिन की उम्र में डेब्यू करने वाले वैभव ने सचिन तेंदुलकर का रिकॉर्ड पीछे छोड़ दिया। इससे पहले सचिन ने 16 वर्ष 205 दिन की उम्र में टेस्ट और 16 वर्ष 238 दिन की उम्र में वनडे क्रिकेट में पदार्पण किया था।

टी20 अंतरराष्ट्रीय में भारत के सबसे युवा डेब्यूटेंट का रिकॉर्ड अब तक वॉशिंगटन सुंदर (18 वर्ष 80 दिन) के नाम था। वैभव हाल ही में आईपीएल 2026 में शानदार प्रदर्शन के बाद चर्चा में आए थे।

उन्होंने टूनार्मेंट में 776 रन बनाए और 237 से अधिक के



स्ट्राइक रेट से बल्लेबाजी करते हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी रहे। अपने आईपीएल करियर की पहली ही गेंद पर छक्का जड़कर उन्होंने सभी का ध्यान खींचा था।

### श्रेयस अय्यर ने बताया डेब्यू का कारण

भारतीय कप्तान श्रेयस अय्यर ने टॉस के दौरान कहा कि वैभव पूरी तरह इस अवसर के हकदार हैं। उन्होंने कहा,₹वैभव ने पिछले कुछ महीनों में जिस तरह बल्लेबाजी की है, वह इस टीम में जगह पाने के पूरी तरह हकदार हैं। वह बिल्कुल दबाव नहीं लेते। ड्रेसिंग रूम में भी उनका स्वभाव बेहद शांत है और नेट्स में जिस आत्मविश्वास के साथ बल्लेबाजी करते हैं, उससे उनके मजबूत चरित्र का पता चलता है। अय्यर ने यह भी बताया कि टीम में केवल एक बदलाव किया गया है और संजू सैमसन की जगह वैभव सूर्यवंशी को अंतिम एकादश में शामिल किया गया है।

### भारत की प्लेइंग इलेवन

वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, ईशान किशन (विकेटकीपर), श्रेयस अय्यर (कप्तान), तिलक वर्मा, शिवम दुबे, हर्षित राणा, अक्षर पटेल, रवि बिश्नोई, अर्शदीप सिंह और वरुण चक्रवर्ती।

## विंबलडन : घुटने की चोट के कारण सेरेना विलियम्स ने डबल्स से नाम वापस लिया

**लंदन :** अमेरिका की दिग्गज टेनिस स्टार सेरेना विलियम्स ने घुटने की चोट के कारण विंबलडन 2026 के महिला डबल्स मुकाबले से नाम वापस ले लिया है। इसके साथ ही उनकी बहन वीनस विलियम्स के साथ ऑल इंग्लैंड क्लब में लंबे समय बाद होने वाली बहुप्रतीक्षित जोड़ी देखने का इंतजार भी खत्म हो गया। सेरेना ने शनिवार को इंस्टाग्राम पर इसकी जानकारी देते हुए कहा कि उनका घुटना अभी पूरी तरह ठीक नहीं हुआ है। अपने पोस्ट में उन्होंने लिखा, ₹डबल्स से हटना मेरे लिए बेहद दुखद है। कोर्ट पर वापसी अपने आप में एक उपहार रही है और वीनस के साथ फिर से खेलने का मौका मेरे लिए बहुत खास था। मैंने पूरी कोशिश की, लेकिन दुर्भाग्य से मेरा घुटना अभी प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार नहीं है। सेरेना को यह चोट इस सप्ताह अपने पहले दौर के एकल मुकाबले के दौरान लगी थी। करीब चार साल बाद ग्रैंड स्लैम एकल स्पर्धा में वापसी कर रहीं सेरेना को ऑस्ट्रेलिया की माया जॉइंट के खिलाफ 6-3, 6-7 (6), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा था। विलियम्स बहनों को विंबलडन डबल्स ड्रॉ में वाइल्ड कार्ड मिला था। पहले दौर में उनका मुकाबला सोलाना सिएरा और कैमिला ओसोरियो की जोड़ी से होना था। दोनों बहनों ने अब तक 6 विंबलडन महिला डबल्स खिताब और 14 ग्रैंड स्लैम महिला डबल्स खिताब जीते हैं।



अली गोनी ने जैस्मिन भसीन संग शादी को लेकर तोड़ी चुप्पी

# जब शादी करनी होगी खुद बता दूंगा



**मुंबई** टीवी इंडस्ट्री के मशहूर कपल अली गोनी और जैस्मिन भसीन की जोड़ी को दर्शक काफी समय से बेहद पसंद करते आए हैं और अक्सर सोशल मीडिया पर उनकी शादी को लेकर सवाल पूछते रहते हैं। इसी बीच अब अली गोनी ने अपने एक पोस्ट के जरिए पहली बार इस सवाल पर चुप्पी तोड़ी है। दरअसल, अली गोनी ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक पोस्ट साझा किया, जिसमें उन्होंने लिखा, ''जब शादी करनी होगी खुद बता दूंगा सबको। मेरे रिश्तेदार मेरे इतने पीछे नहीं पड़े जितना यहां इंस्टा पर लोग पड़े हैं। अपना अपना काम करो और खुश रहो और रहने दो। गौरतलब है कि अली से लोग सोशल मीडिया पर अक्सर उनकी शादी को लेकर सवाल पूछते रहते हैं और लगातार उनकी शादी को लेकर दबाव बनाते रहते हैं। ऐसे में अली की लोगों से ये अपील काफी चर्चा में है। बता दें कि जैस्मिन भसीन और अली गोनी की पहली मुलाकात 'खतरों के खिलाड़ी 9' के दौरान एयरपोर्ट पर हुई थी। इस शो के बाद दोनों के बीच दोस्ती की शुरुआत हुई, जो समय के साथ गहरी होती चली गई। लोगों के इस रिश्ते के बारे में पता तब चला, जब 'बिग बॉस 14' के दौरान अली गोनी ने जैस्मिन के लिए घर में वाइल्ड कार्ड एंट्री ली। इस शो में दोनों ने खुले तौर पर अपने प्यार का इजहार किया। 'बिग बॉस 14' के बाद से अली और जैस्मिन को कई बार एक साथ देखा गया। दोनों अक्सर एक-दूसरे के साथ समय बिताते हैं और सोशल मीडिया पर भी अपनी तस्वीरें और वीडियो साझा करते रहते हैं। वे साथ में कई रोमांटिक म्यूजिक वीडियो भी कर चुके हैं। इससे पहले अली गोनी ने शादी को लेकर फराह खान कुकिंग व्लॉग पर भी बात थीं। व्लॉग में फराह ने पूछा कि क्या परिवार की तरफ से शादी का दबाव है, तो जैस्मिन ने कहा कि उनके परिवार को कोई दिक्कत नहीं है। अली ने भी इस पर सहमति जताई और कहा कि उनके परिवार को कोई समस्या नहीं है।

## 'बिग बॉस 20' से आया ऑफर, एक्ट्रेस ने झटके में कर दिया इनकार

एक्ट्रेस ने 'बिग बॉस 20' का ऑफर ठुकरा दिया है। एक्ट्रेस ने बताया कि अपनी बेटी से दूर रहना उन्हें मंजूर नहीं, इसलिए उन्होंने परिवार को करियर पर चुना।

टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस चारु असोपा एक बार फिर सुर्खियों में हैं। 'मेरे अंगने में', 'टशन-ए-इश्क' और 'अकबर का बल बीरबल' जैसे शोज में नजर आ चुकीं चारु ने हाल ही में खुलासा किया कि उन्हें सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 20' का ऑफर मिला था। हालांकि, उन्होंने इस बड़े मौके को ठुकरा दिया। इसकी वजह कोई प्रोफेशनल कमिटमेंट नहीं, बल्कि उनकी बेटी जियाना है। चारु का कहना है कि उन्होंने अपनी जिंदगी में जो भी बदलाव किए हैं, वे सिर्फ अपनी बेटी के लिए किए हैं और इस समय वह उससे दूर रहकर कोई काम नहीं करना चाहतीं।

### चारू असोपा ने 'बिग बॉस 20' का ऑफर क्यों ठुकराया?

अपने हालिया व्लॉग में चारु असोपा ने बताया कि उन्हें दो दिन पहले 'बिग बॉस' की टीम का फोन आया था। हालांकि उन्होंने साफ शब्दों में शो का हिस्सा बनने से इनकार कर दिया। चारु ने कहा, 'असल में, दो दिन पहले मुझे बिग बॉस से कॉल आया था। लेकिन इस समय मैंने अपनी जिंदगी में जो भी बदलाव किए हैं, वे सिर्फ जियाना के लिए किए हैं। मैं उससे दूर नहीं रहना चाहती। मैं ऐसा काम करना चाहती हूं जिसमें मैं उसके साथ भी रह सकूं और एक मां होने की अपनी जिम्मेदारियां भी निभा सकूं।'

# निर्देशक रोहित शेट्टी को फिर मिली धमकी

**मुंबई** फिल्म इंडस्ट्री के मशहूर निर्देशक रोहित शेट्टी को एक बार फिर धमकी मिली। इस बार उनसे एक कथित ऑडियो क्लिप के जरिए 20 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी गई है। इस ऑडियो में कहा गया है कि अगर रकम नहीं दी गई तो इस बार निशाना सीधे रोहित शेट्टी होंगे। इस घटना के सामने आने के बाद मुंबई पुलिस और क्राइम ब्रांच पूरी तरह से अलर्ट मोड में आ गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। इस ऑडियो क्लिप में कहा गया है कि रोहित शेट्टी के जुहू स्थित घर पर पहले जो फायरिंग हुई थी, वह सिर्फ एक ट्रेलर था।



अगर इस बार मांगी गई रकम नहीं दी गई, तो गोली सीधे फिल्ममेकर को निशाना बनाएगी। जानकारी के मुताबिक, यह लगभग 90 सेकंड लंबा ऑडियो क्लिप शनिवार सुबह रोहित शेट्टी के स्टाफ को मिला था। स्टाफ ने बिना देरी किए इस क्लिप को पुलिस के हवाले कर दिया, जिसके बाद जुहू पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज करने की जांच प्रक्रिया शुरू की गई। शुरुआती जांच में ऑडियो में आवाज की पहचान की गई, तो वह कथित तौर पर लॉरेंस बिश्नोई गैंग के करीबी सहयोगी शुभम लोणकर से मिलती-जुलती पाई गई। पुलिस सूत्रों के अनुसार, शुभम लोणकर का नाम पहले भी कई गंभीर मामलों में सामने आ चुका है। वह 2024 में हुई नेता बाबा सिद्दीकी की हत्या और इसी साल रोहित शेट्टी के घर पर हुई फायरिंग के मामले में भी वांटेड है। हालांकि, पुलिस ने अभी इस आवाज की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है और इसे फॉरेंसिक जांच के लिए भेज दिया गया है।




# सनी देओल की बढ़ी मुश्किलें!

**बॉलीवुड** एक्टर सनी देओल इस वक्त अपने प्रोजेक्ट्स को लेकर बिजी चल रहे हैं. इस साल उनकी एक पिक्चर रिलीज हो चुकी है. साथ ही 'बंटवारा 1947' और 'इक्का' की रिलीज डेट भी सामने आ चुकी है. जहां एक ओर एक्टर का पूरा फोकस अपनी फिल्मों पर है, तो दूसरी ओर सनी देओल अब मुश्किल में फंसते हुए नजर आ रहे हैं. जी हां, 18 साल पुराने केस में फिल्ममेकर ने कानूनी लड़ाई फिर से शुरू कर दी है. सनी देओल का इस वक्त पूरा फोकस अपनी अगली फिल्मों पर है, जिसका तेजी से काम निपटाया जा रहा है. साल की शुरुआत में 'बॉर्डर 2' रिलीज हो गई थी. तो अब 'बंटवारा 1947' और 'इक्का' की बारी है, जिनकी कुछ वक्त पहले ही रिलीज डेट सामने आई है. इसके अलावा भी एक्टर के खाते में कई बड़ी फिल्में हैं. लेकिन इन सबके बीच सनी पाजी की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है. 18 साल पुराने केस में एक फिल्ममेकर ने फिर से लड़ाई शुरू कर दी है. फिल्ममेकर सुनील दर्शन एक दशक से भी ज्यादा समय से सनी देओल के साथ कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं. हालांकि, इस मामले को लेकर पहले याचिका खारिज कर दी गई थी, पर एक बार फिर सुनील दर्शन कानूनी रास्ता अपना रहे हैं. दरअसल फिल्ममेकर सुनील दर्शन ने सनी देओल पर शुरुआत में 20 करोड़ का मुकदमा किया था. साथ ही उन्होंने आरोप लगाया था कि सनी देओल के प्रोजेक्ट छोड़ने से उन्हें काफी नुकसान झेलना पड़ा है. हालांकि, 2015 के एक फैसले में उनकी याचिका खारिज कर दी गई थी. लेकिन गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट ने सुनील दर्शन को अपनी अपील फिर से शुरू करने की इजाजत दे दी.

### सनी देओल की फिर बढ़ी मुश्किलें

हाल ही में एक रिपोर्ट छपी. जिससे पता लगा कि सुनील दर्शन ने सनी देओल के खिलाफ 18 साल पुराना केस फिर शुरू कर दिया है. एक्टर पर आरोप है कि वो 2008 में आई सुनील दर्शन की फिल्म 'गुड मॉर्निंग इंडिया' छोड़कर चले गए थे. जिसके चलते मेकर्स को काफी नुकसान हुआ था. और एक बार फिर वो कानूनी रास्ता अपना रहे हैं. गुरुवार को बॉम्बे हाई कोर्ट की तरफ से सुनील दर्शन को अपनी अपील फिर से शुरू करने की इजाजत मिल गई है. 15,000 का जुर्माना लगाते हुए पुराने फैसले के खिलाफ ही उन्हें अपील फिर से शुरू करने की मंजूरी मिली है. दरअसल सुनील दर्शन और सनी देओल तीन फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं. 1988 में आई 'इंतकाम', इसके बाद 'लुटेरे' (1993) और 'अजय' (1996). लेकिन इन फिल्मों के बाद दोनों के बीच चीजें बिगड़ गई. कहा जा रहा है कि मनमुटाव के बावजूद सुनील दर्शन ने पहले कहा था कि वो देओल परिवार का सम्मान करते हैं. हालांकि, दोनों ही पक्षों की तरफ से इस मामले को लेकर अबतक कुछ नहीं कहा गया है. देखना होगा कि सनी पाजी इस मामले को कैसे सुलझाते हैं.

# सीएम योगी 6 जुलाई को करेंगे तीन महान विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण

## कार्यक्रम की तैयारी का डीएम एवं महापौर ने किया निरीक्षण

एजेंसी

**प्रयागराज :** भारतीय एकता, राष्ट्रनिर्माण और सांस्कृतिक चेतना को नई ऊर्जा देने की दिशा में प्रयागराज एक महत्वपूर्ण उपलब्धि का साक्षी बनने जा रहा है। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर 6 जुलाई 2026 को यमुना बैंक रोड स्थित कालीघाट (बोट क्लब) परिसर में नगर निगम प्रयागराज द्वारा स्थापित तीन महान विभूतियों की भव्य प्रतिमाओं का अनावरण उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे। रविवार को महापौर गणेश केसरवानी एवं पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी ने सुरक्षा व्यवस्था को लेकर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासन ने तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा, नगर आयुक्त सीलम



साईं तेजा, आईपीएस अधिकारी अजय पाल शर्मा, प्रयागराज विकास प्राधिकरण (पीडीए) के उपाध्यक्ष, मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का संयुक्त निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान सुरक्षा, यातायात प्रबंधन, स्वच्छता, पार्किंग, मंच व्यवस्था तथा आम नागरिकों की सुविधाओं से जुड़े सभी पहलुओं की समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए समयबद्ध एवं उच्च गुणवत्ता के साथ सभी तैयारियां पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि कार्यक्रम गरिमामय और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।नगर निगम के अनुसार बोट क्लब परिसर को एक 'प्रेरणा स्थल' के रूप में विकसित किया जा रहा है। तीन महान विभूतियों की प्रतिमाओं का अनावरण इस क्षेत्र को नई पहचान देने के साथ-साथ पर्यटन, सांस्कृतिक गतिविधियों और नागरिक सुविधाओं के विस्तार में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। इससे प्रयागराज के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में एक और आकर्षण जुड़ने की उम्मीद है।

मुख्यमंत्री के स्वागत और कार्यक्रम की सफलता को लेकर प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। अधिकारियों ने सभी व्यवस्थाओं को समय से पूरा करने के निर्देश दिए हैं, जिससे यह आयोजन ऐतिहासिक, प्रेरणादायी और जनभागीदारी से परिपूर्ण बन सके।

## नेपाल में हाथी ने ली मां बेटे की जान, अब तक 25 लोगों को उतार चुका है मौत के घाट

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के चितवन जिले में आज सुबह करीब पांच बजे जंगली हाथी 'ध्रुवे' के हमले में एक महिला और उसके चार वर्षीय बेटे की मौत हो गई। जिला प्रहरी कार्यालय के सूचना अधिकारी चन्द्रभूषण यादव के अनुसार, ध्रुवे ने 21 वर्षीय आशिका बोटे और उनके चार वर्षीय बेटे भरत बोटे पर घर पर सोते समय हमला किया। हमले में दोनों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। जिला प्रहरी कार्यालय के सूचना अधिकारी यादव के अनुसार, हाथी को भगाने के प्रयास में आशिका के पति पूर्ण बोटे ने आग जलाई, लेकिन इस कवायद में उनका फूस का घर भी जलकर राख हो गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की सहायता से आग पर काबू पाया गया। भरतपुर महानगरपालिका-23 के वार्ड अध्यक्ष दीपक दवाड़ी ने घटना की पुष्टि की है। इस घटना के साथ ही 'ध्रुवे' के हमलों में जान गंवाने वालों की संख्या 25 हो गई है। वर्ष 2018 में नेपाली सेना के एक मेजर की हत्या करने के लगभग



नौ वर्ष बाद ध्रुवे ने फिर दो लोगों की जान ली है। स्थानीय लोगों के अनुसार, ध्रुवे अधिकतर चितवन राष्ट्रीय निकुञ्ज के सुखीभार क्षेत्र में रहता है। कभी-कभी अचानक बस्तियों और मेघौली क्षेत्र की ओर भी निकल आता है। ध्रुवे ने वर्ष 2010 से इंसानों पर हमले शुरू किए। चितवन के माडी क्षेत्र में उसका आतंक काफी अधिक रहा। उसे मारने के लिए करीब 16 लाख नेपाली रुपये खर्च किए गए, लेकिन सेना की गोली से बचकर वह भाग निकला और लगभग पांच वर्ष तक लापता रहा। बाद में वह फिर सुखीभार क्षेत्र में दिखाई देने लगा। वन्यजीव प्रबंधन के तहत ध्रुवे के गले में कई बार रेडियो कॉलर लगाया गया और उसके दांत भी काटे गए।

## न्यूज IN ब्रीफ

### विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह यूएन के दो दिवसीय एआई वैश्विक संवाद में हिस्सा लेने सोमवार को जाएंगे जेनेवा

**नई दिल्ली :** केंद्रीय विदेश और पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह सोमवार को जेनेवा में संयुक्त राष्ट्र (यूएन) के कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) पर होने वाले दो दिवसीय वैश्विक संवाद (ग्लोबल डॉयलाग) में भाग लेने स्विट्जरलैंड जाएंगे। उनके साथ भारतीय प्रतिनिधिमंडल भी जाएगा। विदेश मंत्रालय ने रविवार को बताया कि केंद्रीय मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह 06 से 07 जुलाई तक इस वैश्विक संवाद में भारतीय प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। इसी सम्मेलन में इंडिपेंडेंट इंटरनेशनल साइंटिफिक पैनल (आईआईएसपीए) की एआई की क्षमताओं, उभरते अवसरों और जोखिमों का पहले स्वतंत्र वैज्ञानिक मूल्यांकन की सालाना रिपोर्ट पेश की जाएगी। मंत्रालय ने बताया कि इस संवाद कार्यक्रम में एआई के सामाजिक-आर्थिक असर, एआई से जुड़ी असमानताओं को दूर करना, सुरक्षित और भरोसेमंद एआई, और एआई के संदर्भ में मानवाधिकार जैसे चार विषयों पर थीम आधारित चर्चा की जाएगी। एआई गवर्नेंस पर वैश्विक संवाद संयुक्त राष्ट्र महासभा के प्रस्ताव 79/325 के तहत बनाया गया एक वैश्विक बहु-हितधारक मंच है। यह पहल सितंबर 2024 में ह्यपैक्ट ऑफ द फ़्यूचरह्ल के हिस्से के रूप में अपनाए गए ह्यग्लोबल डिजिटल कॉम्पैक्टह्ल के बाद शुरू हुई। इसका उद्देश्य एआई के अंतरराष्ट्रीय नियमन को आगे बढ़ाना और अंतरराष्ट्रीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय तथा बहु-हितधारक प्रयासों को सहयोग देना है। यह संवाद स्वतंत्र अंतरराष्ट्रीय वैज्ञानिक पैनल के साथ मिलकर काम करता है, जो वैज्ञानिक समझ, पारदर्शिता, जवाबदेही और मजबूत मानवीय निगरानी को बढ़ावा देता है। खासकर विकासशील देशों में क्षमता निर्माण के माध्यम से यह सुनिश्चित किया जाएगा कि एआई सिस्टम सतत विकास की दिशा में उपयोग किए जा सकें। अगस्त 2025 में अपनाए गए नियमों और प्रक्रियाओं के अनुसार, सह-अध्यक्षों ने कई परामर्श बैठकें आयोजित कीं। इनमें इसी साल फरवरी में नई दिल्ली में हुए ह्यएआई इम्पैक्ट समिटह्ल के दौरान आयोजित एक प्रत्यक्ष परामर्श भी शामिल है।

### मधुमिता शुक्ला हत्याकांड की गवाह बहन निधि शुक्ला के घर के बाहर बम से हमला, पुलिस नहीं दर्ज कर रही है एफआईआर

**लखीमपुर :** खीरी उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी जिले में 30 जून की रात मधुमिता शुक्ला की बहन निधि शुक्ला के घर के बाहर बम से हमला किए जाने का मामला सामने आया है। इतनी बड़ी घटना होने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची तो डरी-सहमी निधि शुक्ला घर से बाहर आईं और हमला कराने का आरोप अमरमणि तथा उसके परिवार पर लगाया। निधि शुक्ला ने कहा, मेरा इस दुनिया में कोई और दुश्मन नहीं है। सिर्फ अमरमणि और उसका परिवार है। उसी ने हमला करवाया है। पिछले साल भी हमारे ऊपर फायरिंग हुई थी। उन्होंने बताया कि वह अपनी बहन मधुमिता शुक्ला की हत्या के मामले में लगातार कानूनी लड़ाई लड़ती रही हैं। उनके मुताबिक, ॠमेरी बहन की हत्या हुई। मैंने इन सबके खिलाफ लगातार केस लड़ा और कोर्ट से सजा दिलवाई। बाद में इनकी सजा माफ हो गई। इसके बाद भी हम कानूनी लड़ाई लड़ रहे हैं। निधि ने पुलिस कार्रवाई पर भी सवाल उठाए। उनका कहना है कि घर पर बम फेंके जाने के बावजूद पुलिस ने अभी तक एफआईआर दर्ज नहीं की है। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस केवल जांच की बात कर रही है, जबकि घटना गंभीर है और तत्काल कार्रवाई होनी चाहिए। फिलहाल इस मामले में थाना प्रभारी राजेश सिंह का कहना है कि पुलिस जांच कर रही है। हमले के पीछे की वजह और आरोपों की पुष्टि जांच पूरी होने के बाद ही हो सकेगी।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत किया पौधारोपण

**रायपुर:** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने श्भारतीय प्रबंध संस्थान (आईआईएम), नवा रायपुर में आयोजित चिंतन शिविर 3.0 के दूसरे दिन रविवार को एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत पौधरोपण किया। इस अवसर पर मंत्रिपरिषद के सदस्यों ने भी पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं जनभागीदारी का संदेश दिया। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि एक पेड़ माँ के नाम अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ सामाजिक संवेदनाओं को सशक्त बनाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। उन्होंने प्रदेशवासियों से इस अभियान से जुड़कर पौधारोपण करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार हरित एवं विकसित छत्तीसगढ़ के निर्माण के लिए जनभागीदारी आधारित पर्यावरण संरक्षण अभियानों को निरंतर प्रोत्साहित कर रही है।

### लखनऊ में सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकराई कार, दो युवकों की मौत

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के गोसाईगंज थाना क्षेत्रान्तर्गत गब्बर ढाबे के पास रविवार को एक स्विफ्ट कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम भेजकर मामले की जांच की जा रही हैं। गोसाईगंज थाना प्रभारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अमेठी जिले के ग्राम पड़री निवासी सौरभ यादव, अभिषेक यादव के रूप में हुई हैं। घायलों में इसी गांव के अजय यादव और तेजगढ़ का रहने वाले नितिन यादव को इलाज के लिए सिविल अस्पताल में भर्ती कराया है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि ये सभी लोग कार से कहीं जा रहे थे। लखनऊ के गोसाईंगंज थाना क्षेत्र स्थित गब्बर ढाबे के पास स्विफ्ट कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। हादसे में कार सवार दो युवकों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हैं। घटना की जानकारी पर परिजन भी पहुंच गए। पुलिस ने शवों का पंचायतनामा परिजनों की उपस्थिति में संपन्न कर पोस्टमार्टम कराया गया। दुर्घटनाग्रस्त वाहन को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारु करा दिया गया है। परिजनों से प्राप्त तहरीर के आधार पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। मौके पर शांति एवं कानून-व्यवस्था सामान्य है।

### राज्यपाल रमेन डेका ने पद्म विभूषण डॉ. तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**रायपुर :** राज्यपाल रमेन डेका ने छत्तीसगढ़ की लोक संस्कृति की अमर स्वर-कोकिला, पद्म विभूषण से सम्मानित एवं विश्वविख्यात पंडवानी गायिका डॉ. तीजन बाई के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। अपने शोक संदेश में राज्यपाल ने कहा कि डॉ. तीजन बाई का निधन केवल लोककला जगत ही नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और पूरे राष्ट्र के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने अपनी अद्वितीय गायन शैली, असाधारण प्रतिभा और लोक परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के माध्यम से छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी विशिष्ट पहचान दिलाई। लोककला के क्षेत्र में उनका अतुलनीय योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। राज्यपाल ने कहा कि डॉ. तीजन बाई ने अपना संपूर्ण जीवन लोककला की साधना, संरक्षण और संवर्धन को समर्पित किया। उन्होंने पंडवानी जैसी समृद्ध लोक परंपरा को विश्व मंच तक पहुंचाकर छत्तीसगढ़ का गौरव बढ़ाया। उनका व्यक्तित्व, कला-साधना और सांस्कृतिक योगदान आने वाली पीढ़ियों के लिए सदैव प्रेरणा का स्रोत बने रहेंगे। राज्यपाल ने ईश्वर से प्रार्थना की कि वे दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिजनों, उनके असंख्य प्रशंसकों और समस्त लोककला जगत को इस गहन दुःख को सहन करने की शक्ति एवं संबल प्रदान करें।

## कश्मीर की ईओडब्ल्यू ने 60 लाख के बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट दाखिल की

एजेंसी

**श्रीनगर :** जम्मू-कश्मीर क्राइम ब्रांच की इकोनॉमिक ऑफेंस विंग (ईओडब्ल्यू) ने श्रीनगर के चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट की अदालत में 60 लाख के बैंक लोन धोखाधड़ी मामले में चार्जशीट दाखिल की है। यह जाली रेवेन्यू रिकॉर्ड और प्रॉपर्टी के नकली कागजात का इस्तेमाल करके 60 लाख का लोन लेने का मामला है। क्राइम ब्रांच के अनुसार जांच जम्मू-कश्मीर बैंक की शिकायत के बाद शुरू की गई थी। बैंक का आरोप था कि 2007 में जाली रेवेन्यू रिकॉर्ड और नकली टाइटल डॉक्यूमेंट्स के आधार पर अचल संपत्ति गिरवी रखकर बैंक की जैनकोट ब्रांच से 30 लाख का टर्म लोन और रेजिडेंसी रोड ब्रांच से 30 लाख की कैश क्रेडिट सुविधा धोखाधड़ी से हासिल की गई थी। जांच में पता चला कि लोन लेने के बाद उधार लेने वालों ने उसे नहीं चुकाया। बाद में रेवेन्यू डिपार्टमेंट की जांच से पुष्टि हुई कि बैंक में जमा किए गए मॉर्गेज डीड (गिरवी रखने के दस्तावेज), रेवेन्यू एक्सट्रैक्ट और मालिकाना हक से जुड़े दस्तावेज जाली और नकली थे। जांच में यह भी पता चला कि शेख समीउल्लाह की अगुवाई में आरोपियों ने जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल करके बैंक को धोखा देने की आपराधिक साजिश रची। इस तरह उन्होंने बेईमानी से लोन हासिल किया और मंजूर की गई रकम का गलत इस्तेमाल किया जिससे बैंकिंग संस्थान को भारी वित्तीय नुकसान हुआ। जांच पूरी होने के बाद इकोनॉमिक ऑफेंस विंग ने सभी आरोपियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई के लिए सक्षम अदालत में चार्जशीट दाखिल की। इस बीच क्राइम ब्रांच ने लोगों से आर्थिक और वित्तीय धोखाधड़ी के प्रति सतर्क रहने और ऐसे अपराधों की तुरंत सूचना सीनियर सुपरिंटेंडेंट ऑफ पुलिस, इकोनॉमिक ऑफेंस विंग, कश्मीर को देने की अपील की है।

## बालेन्द्र सरकार के 100 दिन पूरे, विदेश मंत्रालय ने गिनाई उपलब्धियां

– सरकार का दावा– 1,047 नेपाली नागरिकों की सुरक्षित स्वदेश वापसी हुई

एजेंसी

**काठमांडू :** नेपाल के विदेश मंत्रालय ने वर्तमान सरकार के पहले 100 दिनों की उपलब्धियों का विवरण जारी करते हुए सेवा वितरण, कांसुलर सहायता और आर्थिक कूटनीति के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति का दावा किया है। सरकार का कहना है कि इन 100 दिनों के दौरान विदेश में कठिनाइयों का सामना कर रहे नेपाली नागरिकों को कांसुलर और अन्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए ह्यमोफा मित्रह्ल मोबाइल एप्लिकेशन शुरू किया गया। साथ ही, कांसुलर सेवा विभाग की ऑनलाइन कांसुलर और कानूनी परामर्श सेवाओं का विस्तार देश के सभी 77 जिलों और 537 स्थानीय निकायों तक किया गया।



मंत्रालय के अनुसार पुर्तगाल में करीब 2,000 नेपाली नागरिकों की अस्थायी निवास अनुमति (टेम्पररी रेजिडेंस परमिट) जारी होने में फर्जी कांसुलर प्रमाणीकरण मुहर के कारण उत्पन्न समस्या का समाधान भी कूटनीतिक पहल के माध्यम से किया गया। विदेश मंत्रालय ने बताया कि दक्षिण-पूर्व एशिया में ऑनलाइन ठगी गिरोहों के शिकार बने 819 नेपाली नागरिकों को नेपाली दूतावासों और अन्य सरकारी एजेंसियों के समन्वय से बचाकर स्वदेश वापस लाया गया। इसी प्रकार, नेपाल की लगातार कूटनीतिक पहल के परिणामस्वरूप 20 अप्रैल को संयुक्त अरब अमीरात सरकार द्वारा दी गई आम माफी के तहत 128 नेपाली नागरिकों को रिहा कराया गया। वहीं, 16 जून को सऊदी अरब ने भी 33 नेपाली कैदियों को आम माफी प्रदान की। मंत्रालय ने यह भी बताया कि भारत के विदेश मंत्रालय और अन्य संबंधित अधिकारियों के साथ संवाद के जरिए व्यापारिक समस्याओं का समाधान कर नेपाली चाय के भारत निर्यात को फिर से शुरू कराया गया। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच मंत्रालय ने वहां रह रहे नेपाली नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए 24 घंटे सक्रिय आपातकालीन प्रतिक्रिया टीम का गठन किया। इसके माध्यम से संघर्ष प्रभावित क्षेत्रों में फंसे 1,047 नेपाली नागरिकों को सुरक्षित स्वदेश वापस लाया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि ये सभी पहल सरकार की 100-दिवसीय कार्ययोजना के तहत लागू की गईं, जिनका उद्देश्य सुशासन को मजबूत करना, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाना और नेपाल की कूटनीतिक सक्रियता को और प्रभावी बनाना है।

## 'ऑपरेशन प्रहार' : फर्जी शस्त्र लाइसेंस सिंडिकेट का एक और आरोपित गिरफ्तार, अब तक 13 दबोचे गए

एजेंसी

**देहरादून :** उत्तराखंड स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस सिंडिकेट के खिलाफ चलाए जा रहे 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत एक और आरोपित को गिरफ्तार किया है। इसके साथ ही इस मामले में अब तक गिरफ्तार आरोपितों की संख्या बढ़कर 13 हो गई है। एसटीएफ के अनुसार, गिरफ्तार आरोपित की पहचान 46 वर्षीय पलविंदर सिंह, पुत्र स्वर्गीय धर्म सिंह, निवासी, ग्राम-कचनालगाजी, थाना-काशीपुर, जनपद-ऊधमसिंहनगर के रूप में हुई है। जांच में खुलासा हुआ है कि एक ही फर्जी शस्त्र लाइसेंस नंबर पर दो कूटरचित लाइसेंस तैयार कर दो अलग-अलग हथियार खरीदे गए थे। एसटीएफ ने आज काशीपुर में सटीक सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया। उसके कब्जे से .30 बोर की एक सेमी ऑटोमैटिक पिस्टल, .315




बोर की एक राइफल, दोनों हथियारों के चार-चार जिंदा कारतूस तथा एक फर्जी शस्त्र लाइसेंस बरामद किया गया।

एसटीएफ ने बताया कि 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत अब तक 13 आरोपितों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। अभियान के दौरान अब तक 19 अवैध शस्त्र, 358 जिंदा कारतूस तथा बड़ी संख्या में फर्जी और संदिग्ध शस्त्र लाइसेंस बरामद किए गए हैं। मामले में आगे की जांच जारी है और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। एसटीएफ ने फर्जी शस्त्र लाइसेंस धारकों से अपील की है कि वे अपने शस्त्र और लाइसेंस के साथ स्वयं आत्मसमर्पण करें। ऐसा नहीं करने पर उनके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस कार्रवाई को निरीक्षक अरुण कुमार, निरीक्षक एम.पी. सिंह, उपनिरीक्षक प्रकाश भगत, हेड कांस्टेबल मोहित वर्मा, कांस्टेबल रवि बोरा, हेड कांस्टेबल (चालक) संजय कुमार, हेड कांस्टेबल मनोज बवाड़ी तथा हेड कांस्टेबल सुरेंद्र कनवाल की टीम ने अंजाम दिया।

## किसानों के हित में बड़ी कार्रवाई: पान सीड्स प्रा. लि. के 75 हजार बोरी धान बीज की बिक्री पर रोक, कार ा बताओ नोटिस जारी

एजेंसी

**धमतरी :** खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तायुक्त एवं प्रमाणित बीज उपलब्ध कराने तथा बीज वितरण व्यवस्था में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से राज्य स्तरीय निरीक्षण दल ने शनिवार शाम को विकासखंड कुरूद के ग्राम बंजारी स्थित मेसर्स पान सीड्स प्रा. लि. के बीज प्रोसेसिंग एवं भंडारण परिसर में औचक निरीक्षण किया। संचालनालय कृषि के निर्देशन में जिला स्तरीय अधिकारियों की संयुक्त टीम द्वारा की गई इस कार्रवाई में कई गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर लगभग 75 हजार बोरी धान बीज के विक्रय, आपूर्ति एवं उपयोग पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया। साथ ही संबंधित फर्म को तीन दिवस के भीतर कारण बताओ नोटिस का जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि कंपनी द्वारा बीजों की ग्रेडिंग, प्रोसेसिंग एवं पैकेजिंग संबंधी जानकारी जिला कार्यालय को



उपलब्ध नहीं कराई गई थी। इसके अलावा लाइसेंस में स्वीकृत किस्मों के अतिरिक्त अन्य किस्मों के बीजों का भंडारण, पैकेजिंग सामग्री का उपयोग तथा वितरण प्रक्रिया में भी अनियमितताएं पाई गईं। इन कमियों को गंभीर मानते हुए परिसर में उपलब्ध कच्चे एवं ग्रेडेड धान बीज के साथ समस्त पैकेजिंग सामग्री के विक्रय, आपूर्ति और उपयोग पर तत्काल रोक लगा दी गई। वहीं पैक किए गए धान बीजों के नमूने लेकर परीक्षण के लिए राज्य बीज परीक्षण प्रयोगशाला भेजे गए हैं। कृषि विभाग ने स्पष्ट किया है कि किसानों के हितों की सुरक्षा, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता तथा बीज अधिनियम एवं नियमों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए इस प्रकार की निरीक्षण एवं प्रवर्तन कार्रवाई आगे भी लगातार जारी रहेगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी। निरीक्षण दल में संचालनालय कृषि से राहुल देव (भा.प्र.से.), मयंक बघेल, उप संचालक कृषि, जितेन्द्र ठाकुर, सहायक संचालक कृषि तथा जिला स्तर से रामकुमार साहू, कृषि विकास अधिकारी एवं बीज निरीक्षक, चेश कुमार सार्वा, कृषि विकास अधिकारी, मयंक नागवंशी और आदित्य कुमार मेश्राम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी शामिल रहे।

## सराफा बाजार में गिरावट से सस्ता हुआ सोना, चांदी की भी फीकी पड़ी चमक

– आज की गिरावट के बावजूद साप्ताहिक आधार पर 2,780 रुपये तक महंगा हुआ सोना

नई दिल्ली, 05 जुलाई (हि.स.)। घरेलू सराफा बाजार में आज शुरूआती कारोबार के दौरान कमजोरी का रुख बना हुआ नजर आ रहा है। भाव में आई गिरावट के कारण आज चेन्नई के अलावा देश के ज्यादातर दूसरे सराफा बाजार में सोना 260 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 280 रुपये प्रति 10 ग्राम तक सस्ता हो गया। चेन्नई में सोने के भाव में 100 रुपये प्रति 10 ग्राम लेकर 110 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की कमजोरी दर्ज की गई है। चांदी के भाव में भी आज 100 रुपये प्रति किलोग्राम तक की मामूली कमजोरी दर्ज की गई है। सोने की कीमत में आई गिरावट के



कारण आज देश के ज्यादातर सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,49,460 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना आज 1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम से लेकर 1,37,000 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी के भाव में सांकेतिक कमजोरी आने के कारण ये चमकीली धातु दिल्ली सराफा बाजार में आज 2,50,000 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर बिक रही है। आज सोने के भाव में कमजोरी आने के बावजूद साप्ताहिक आधार पर देखा जाए, तो सोना और चांदी दोनों धातुओं के भाव में तेजी आई है। पिछले सप्ताह के कारोबार में 24 कैरेट सोना 2,780 रुपये प्रति 10 ग्राम तक महंगा हो गया। इसी तरह 22 कैरेट सोने के भाव में साप्ताहिक आधार पर 2,550 रुपये प्रति 10 ग्राम तक की मजबूती दर्ज की गई। चांदी भी उतार चढ़ाव के बावजूद पिछले सप्ताह के कारोबार में महंगा हो गया। इस उछाल के कारण चांदी का भाव सप्ताहिक आधार पर 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम तक उछल गया। दिल्ली में 24 कैरेट सोना आज 1,46,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,650 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 1,46,780 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 1,34,550 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 1,49,460 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 1,37,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में 24 कैरेट सोना 1,46,730 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,500 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। भोपाल में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जयपुर में 24 कैरेट सोना 1,46,880 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 1,34,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। पटना में 24 कैरेट सोने की कीमत 1,46,780 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर है, जबकि 22 कैरेट सोना 1,34,550 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। लखनऊ के सराफा बाजार में 24 कैरेट सोना आज 1,46,880 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर और 22 कैरेट सोना 1,34,650 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है।

विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026

# जनप्रतिनिधियों ने भरा गणना प्रपत्र







मेट्रो रेज संवाददाता

**मेदिनी नगर :** विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के अंतर्गत पलामू जिले में निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों की उपस्थिति में जनप्रतिनिधियों एवं मार्क वोटरों का गणना प्रपत्र (ईएफ) भरवाने तथा उसके डिजिटाइजेशन का कार्य किया गया।
76-डाल्टनगंज विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मेदिनीनगर की उपस्थिति में मार्क वोटर केएन त्रिपाठी (पूर्व मंत्री, झारखंड सरकार), स्थानीय विधायक आलोक कुमार चौरसिया तथा जिला परिषद सदस्य रामलव चौरसिया सहित अन्य को गणना प्रपत्र (ईएफ) उपलब्ध कराया गया। इसके उपरांत उनकी उपस्थिति में गणना प्रपत्र भरवाकर उसका डिजिटाइजेशन कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इसी क्रम में 75-पांकी विधानसभा क्षेत्र के निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी, पलामू की उपस्थिति में विधायक कुशवाहा शशि भूषण मेहता को बीएलओ के माध्यम से गणना प्रपत्र उपलब्ध कराया गया। साथ ही बीएलओ ऐप के माध्यम से गणना प्रपत्र ऑनलाइन भरकर उसका डिजिटाइजेशन भी पूर्ण किया गया।
जिले में विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) 2026 के तहत गणना प्रपत्रों के वितरण, संग्रहण एवं डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समयसीमा के अनुरूप लगातार किया जा रहा है।

## रांची नगर निगम की 630 जमीनों के म्यूटेशन पर जोर, नगर आयुक्त ने दिए अहम निर्देश

विनय मिश्रा

**रांची :** रांची नगर निगम में शुक्रवार को नगर आयुक्त सुशांत गौरव की अध्यक्षता में भू-संपदा शाखा और हॉर्टिकल्चर शाखा के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में दोनों शाखाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को लंबित कार्यों में तेजी लाने और तय समय-सीमा के भीतर उन्हें पूरा करने के निर्देश दिए गए।

बैठक में भू-संपदा शाखा के अधिकारियों ने बताया कि निगम की भूमि के संरक्षण और अभिलेखों के सुव्यवस्थित प्रबंधन के तहत कुल 630 भूमि के म्यूटेशन के लिए संबंधित अंचलों में आवेदन किया जा चुका है।

630 भूमि के म्यूटेशन पर विशेष जोरः नगर निगम के अनुसार, शहर अंचल में 83, अगोर्डा में 127, बरगाई में 179, कांके में 15, नगड़ी में 28, नामकुम में 98 और हेहल अंचल में 100 भूमि के म्यूटेशन के लिए आवेदन किए गए हैं।



नगर आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी लंबित मामलों की नियमित निगरानी की जाए और संबंधित अंचल कार्यालयों के साथ समन्वय स्थापित कर म्यूटेशन की प्रक्रिया जल्द पूरी कराई जाए। उन्होंने कहा कि निगम की भूमि का विधिवत म्यूटेशन अतिक्रमण रोकने, परिसंपत्तियों के संरक्षण और विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए जरूरी है।

शहर के 24 स्थानों पर विकसित होंगे ग्रीन पैचः बैठक में हॉर्टिकल्चर शाखा के कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने बताया कि शहर के 24 प्रमुख स्थानों पर ग्रीन पैच विकसित करने की योजना पर काम चल रहा है। इनमें करमटोली चौक, मोराबादी, जवाहर नगर (कांके रोड), खेलगांव, कश्यप आई हॉस्पिटल, कांके रोड सहित अन्य प्रमुख स्थान शामिल हैं।

नगर आयुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को ग्रीन पैच विकास कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा करने, नियमित मॉनिटरिंग करने और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शहर को अधिक हरित, स्वच्छ और आकर्षक बनाने के लिए इन परियोजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। बैठक में उप नगर आयुक्त रविंद्र कुमार, नगर प्रबंधक, गार्डन अधीक्षक तथा अन्य अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## भारतीय सेमीकंडक्टर चिप लॉन्च , पीएम ने जमशेदपुर की तनीषा को सराहा, कहा- झारखंड की बेटियों ने सबसे अधिक प्रभावित किया

### प्रधानमंत्री से संवाद के दौरान चिप निर्माण टीम में शामिल रहीं झारखंड की बेटी तनीषा गौतम

**जमशेदपुरः** देश के सेमीकंडक्टर मिशन के लिए 4 जुलाई का दिन ऐतिहासिक साबित हुआ। गुजरात के साणंद स्थित सीजी सेमीकॉन ओसैट प्लांट से पहली मेड इन इंडिया कॉमर्शियल सेमीकंडक्टर चिप की पहली खेप अंतरराष्ट्रीय बाजार के लिए रवाना की गई। इस ऐतिहासिक अवसर पर जमशेदपुर की बेटी तनीषा गौतम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से सीधे संवाद कर पूरे झारखंड का मान बढ़ाया।
पीएम मोदी ने झारखंड की बेटियों की प्रतिभा को सराहा : प्रधानमंत्री ने कार्यक्रम में झारखंड से आई बेटियों का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका आत्मविश्वास, सीखने की क्षमता और तकनीकी समझ उन्हें बेहद प्रभावित कर गई। उन्होंने कहा कि साधारण परिवारों से आने वाली ये बेटियां आइटीआइ और डिप्लोमा जैसी पढ़ाई के बाद आज देश के सबसे आधुनिक तकनीकी क्षेत्रों में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि झारखंड की बेटियों ने उन्हें विशेष रूप से प्रभावित किया है।



पीएम से संवाद कर उत्साहित दिखी तनीषाः जमशेदपुर के बागबेड़ा की रहनेवाली तनीषा गौतम का चयन कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी से बातचीत के लिए किया गया था। उन्होंने पीएम को अपनी पारिवारिक पृष्ठभूमि, जमशेदपुर में हुई शिक्षा, इलेक्ट्रिकल एवं इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई और गुजरात स्थित सेमीकंडक्टर प्लांट तक के अपने प्रेरणादायक सफर के बारे में विस्तार से बताया। तनीषा ने बताया कि कैसे एक साधारण परिवार से निकलकर उन्होंने अपने सपनों को साकार किया और आज भारत के सबसे महत्वाकांक्षी सेमीकंडक्टर मिशन का हिस्सा बनी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने उनकी बातों को गंभीरता से सुना और उनके आत्मविश्वास, तकनीकी समझ और उपलब्धियों की सराहना की।

## निरसा विधायक अरूप चटर्जी को मिली जान से मारने की धमकी निंदनीय :शिव शंकर प्रसाद

मेट्रो रेज संवाददाता



**मेदिनी नगर :** ज्ञान विज्ञान समिति, झारखंड के अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद ने निरसा के जनपक्षीय विधायक श्री अरूप चटर्जी को जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना की कड़े शब्दों में निंदा की है तथा इसे लोकतांत्रिक मूल्यों और जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा पर गंभीर हमला बताया है।
श्री प्रसाद ने कहा कि पिछले कुछ समय से श्री अरूप चटर्जी कोयला चोरी, अवैध खनन तथा माफिया गतिविधियों के विरुद्ध लगातार मुखर रहे हैं। उन्होंने अनेक जन आंदोलनों का नेतृत्व भी किया है। इसी क्रम में धनबाद के सांसद और उनके बीच सार्वजनिक स्तर पर तीखी राजनीतिक बयानबाजी भी हुई, जो लोकतांत्रिक मयार्दा के अनुरूप नहीं थी। इसी बीच अंतरराष्ट्रीय स्तर के एक कुख्यात अपराधी द्वारा अरूप चटर्जी को जान से मारने की धमकी दिए जाने की घटना अत्यंत गंभीर और चिंताजनक है। ज्ञान विज्ञान समिति, झारखंड का मानना है कि जनप्रतिनिधियों को इस प्रकार की धमकियाँ लोकतांत्रिक व्यवस्था, कानून के शासन और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर सीधा हमला हैं।
समिति ने मुख्यमंत्री, राज्य के पुलिस महानिदेशक तथा धनबाद जिला प्रशासन से मांग की है कि इस मामले में तत्काल हस्तक्षेप करते हुए दोषियों के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए तथा श्री अरूप चटर्जी को समुचित सुरक्षा प्रदान की जाए। साथ ही, पूरे मामले की उच्चस्तरीय एवं निष्पक्ष जांच कराई जाए।
ज्ञान विज्ञान समिति झारखंड ने केंद्र सरकार और संबंधित केंद्रीय जांच एवं सुरक्षा एजेंसियों से भी इस मामले में आवश्यक हस्तक्षेप करने की मांग की है, ताकि इस प्रकार की आपराधिक धमकियों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके और लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करने वाले जनप्रतिनिधियों की सुरक्षा सुनिश्चित हो।

गढ़वा में गांजा की खेती के खिलाफ कार्रवाई

## पुलिस और प्रशासन की टीम ने छापेमारी कर नष्ट किए 1800 पौधे

**गढ़वाः** जिले के रमना थाना क्षेत्र के बुल्का गांव स्थित गजनिया टोला में पुलिस ने अवैध गांजा की खेती का भंडाफोड़ किया है। एसपी को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रमना थाना पुलिस और प्रशासन की टीम ने संयुक्त टीम ने छापेमारी कर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्र में लगी गांजा की फसल को नष्ट कर दिया। कार्रवाई के दौरान कुल 118 किलोग्राम गांजा के पौधे जब्त किए गए हैं।
प्रशासन और पुलिस की संयुक्त छापेमारीः दरअसल, एसपी को सूचना मिली थी कि बुल्का गांव के गजनिया टोला निवासी संजय यादव ने अपने अर्धनिर्मित मकान के परिसर में अवैध रूप से गांजा की खेती की है। सूचना के सत्यापन के बाद अंचलाधिकारी विकास पांडेय और रमना थाना की पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी की। इस दौरान अर्धनिर्मित मकान के परिसर में बड़े पैमाने पर गांजा के पौधे लगे मिले।



टीम ने मौके पर ही गांजा की फसल को किया नष्टः अधिकारियों ने पूरे क्षेत्र का निरीक्षण करने के बाद पौधों को उखाड़कर जब्त कर लिया। जब्त पौधों का कुल वजन 118 किलोग्राम पाया गया। इसके बाद विधिसम्मत प्रक्रिया का पालन करते हुए पूरी फसल को मौके पर ही नष्ट कर दी गई, ताकि इसका किसी प्रकार से दुरुपयोग न हो सके। पुलिस ने इस मामले में रमना थाना में सनहा दर्ज करते हुए आवश्यक कानूनी कार्रवाई प्रारंभ कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि अवैध खेती में अन्य लोगों की संलिप्तता तो नहीं है।

एसडीपीओ ने की पुष्टिः एसडीपीओ सतेंद्र सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि 300 वर्ग मीटर में गांजा के पौधे लगे हैं। जिसके बाद टीम गठित कर कार्रवाई की गई, जहां से 1800 गांजा के पौधे उखाड़े गए हैं। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा और ऐसे मामलों में संलिप्त लोगों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## छह प्रखंडों में बदलेगा प्रशासनिक ढांचा



**चतराः** राज्य सरकार के प्रशासनिक पुनर्गठन संबंधी निर्णय के बाद चतरा जिले के छह प्रखंडों का प्रशासनिक ढांचा बदल जाएगा। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 12 पंचायतों से कम वाले प्रखंडों में प्रखंड विकास पदाधिकारी (बीडीओ) को ही अंचल अधिकारी (सीओ) का अतिरिक्त प्रभार सौंपने के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद जिले में इसकी तैयारी शुरू हो गई है।सरकार के निर्णय के अनुसार जिन प्रखंडों में पंचायतों की संख्या 12 से कम है, वहां अलग से अंचल अधिकारी की नियुक्ति नहीं होगी। ऐसे प्रखंडों में बीडीओ ही सीओ के दायित्वों का भी निर्वहन करेंगे।इस निर्णय का असर जिले के गिद्धौर, कन्हाचट्टी, मयूरहंड, पत्थलगड़ा, लावालौंग और कुंदा प्रखंड पर पड़ेगा। जानकारी के अनुसार जिले में हंटरगंज प्रखंड में 28 पंचायत, टंडवा में 19, प्रतापपुर में 18, सिमरिया में 17, चतरा में 16 तथा इटखोरी में 12 पंचायतें हैं। वहीं कन्हाचट्टी और मयूरहंड में 10-10 पंचायत, लावालौंग में आठ, गिद्धौर में छह तथा पत्थलगड़ा और कुंदा में पांच-पांच पंचायतें हैं। पंचायतों की संख्या कम होने के कारण इन छह प्रखंडों में नई व्यवस्था लागू होगी।इधर, सरकार के इस फैसले पर विपक्षी दलों के नेताओं ने सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि प्रखंड और अंचल कार्यालयों की कार्यप्रणाली अलग-अलग होती है। बीडीओ को अतिरिक्त प्रभार देने से विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के साथ-साथ राजस्व संबंधी कार्य भी प्रभावित हो सकते हैं। उनका यह भी कहना है कि पंचायत चुनाव, विधानसभा और लोकसभा चुनाव सहित अन्य प्रशासनिक कार्यों के दौरान एक ही अधिकारी पर दोहरी जिम्मेदारी होने से कार्य निष्पादन में कठिनाई आएगी। विपक्ष ने सरकार से इस निर्णय पर पुनर्विचार करने की मांग की है।

## हाइवा की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत, सड़क जाम



**चतराः** सिमरिया मुख्य सड़क स्थित देल्हो इंडियन गैस एजेंसी के समीप आज तड़के कोल वाहन हाईवा की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गयी।मृतक व्यक्ति देल्हो गांव निवासी 40 वर्षीय सहादेव यादव है। घटना से आक्रोशित ग्रामीणों ने शव के साथ सिमरिया चतरा मुख्य सड़क को जाम कर मृतक के परिजनो को मुआवजा देने की मांग कर रहे है। बताया गया कि सहादेव यादव शौच करके अपने घर लौट रहे थे। इस दौरान तेज रफ्तार से आ रहा कोल वाहन हाइवा ने अपने चपेट में ले लिया।जिससे उनकी मौत घटनास्थल पर ही हो गयी।वही सुबह ट्यूशन जाने वाले बच्चे भी बाल बाल बच गये।इधर मौत की घटना से गांव में मातम पसर गया। जबकि परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।